<u>भारत के राजपत्र, असाधारण के भाग-I खंड- I में प्रकाशनार्थ</u>

फा.सं. 6/30/2024-डीजीटीआर

भारत सरकार

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय

वाणिज्य विभाग

व्यापार उपचार महानिदेशालय

चौथा तल, जीवन तारा बिल्डिंग,

5 संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001

दिनांक: 26 सितंबर, 2025

<u>अंतिम जांच परिणाम</u>

<u>मामला सं.-एडी (ओ.आई)-28/2024</u>

विषय: <u>चीन जन.गण. के मूल के अथवा वहां से निर्यातित "1,1,1,2- टेट्राफ्लोरोइथेन या आर-134ए" के आयात के संबंध में पाटनरोधी जांच।</u>

क. <u>मामले की पृष्ठभूमि</u>

फा.सं. 6/30/2024-डीजीटीआर- समय-समय पर यथासंशोधित सीमा प्रशुल्क अधिनियम, 1975 (जिसे आगे "अधिनियम" कहा गया है) और उसकी समय समय पर यथा-संशोधित सीमा प्रशुल्क (पाटित वस्तुओं की पहचान, उन पर पाटनरोधी शुल्क का आकलन और संग्रहण तथा क्षति का निर्धारण) नियमावली, 1995 (जिसे आगे "पाटनरोधी नियमावली" अथवा "नियमावली" कहा गया है) को ध्यान में रखते हुए।

क. निर्दिष्ट प्राधिकारी (जिन्हें आगे 'प्राधिकारी' कहा गया है) को घरेलू उद्योग की ओर से एसआरएफ लिमिटेड (जिसे आगे "आवेदक" या "घरेलू उद्योग" कहा गया है) द्वारा दायर एक आवेदन-पत्र प्राप्त हुआ, जिसमें चीन जन.गण.(जिसे आगे "संबद्ध देश" कहा गया है) से "1,1,1,2- टेट्राफ्लोरोइथेन या आर-134ए" (जिसे आगे "विचाराधीन उत्पाद" या "पीयूसी" या "संबद्ध सामान" कहा गया है) के आयात के संबंध में पाटनरोधी जांच शुरू करने की मांग की गई थी।

ख. प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत पर्याप्त प्रथम दृष्टया साक्ष्य के आधार पर, संबद्ध देश के मूल के अथवा वहां से निर्यातित संबद्ध सामानों के तथाकथित पाटन की मौजूदगी, मात्रा और प्रभाव निर्धारित करने और पाटनरोधी शुल्क की राशि, जो यदि लगाई जाए और घरेलू उद्योग को तथाकथित क्षति समाप्त करने के लिए पर्याप्त होगी, की सिफारिश करने करने के लिए नियमावली के नियम 5 के साथ पठित अधिनियम की धारा 9क के अनुसार संबद्ध जांच शुरू करते हुए, भारत के राजपत्र असाधारण में प्रकाशित दिनांक 27 सितंबर, 2024 की अधिसूचना सं. 6/30/2024-डीजीटीआर द्वारा एक सार्वजनिक सूचना जारी की।

ख. <u>प्रक्रिया</u>

1. जांच के संबंध में नीचे वर्णित प्रक्रिया अपनाई गई है:

   i. नियम 5(5) के अनुसार, जांच शुरू करने से पहले, प्राधिकारी ने भारत में अपने दूतावास के माध्यम से संबंधित देश की सरकारों को वर्तमान पाटनरोधी आवेदन-पत्र की प्राप्ति के बारे में सूचित किया।

   ii. जैसा कि ऊपर उल्लेख किया गया है, आवेदन-पत्र की जांच करने पर, प्राधिकारी को प्रथम दृष्टया पाटन और परिणामी क्षति के साक्ष्य मिले। इसलिए, नियम 5 और 6 के अनुसार, अधिसूचना फा. संख्या 06/30/2024 - डीजीटीआर दिनांक 27 सितंबर 2024 ('जांच शुरुआत अधिसूचना') के तहत, प्राधिकारी ने वर्तमान कार्यवाही शुरू की।

   iii. जैसा कि जांच की शुरुआत की अधिसूचना में उल्लेख किया गया है, जांच की अवधि ('पीओआई') 1 अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2024 तक मानी गई थी। क्षति की अवधि वर्ष 2020-21, 2021-22, 2022-23 और जांच की अवधि को कवर करने के लिए निर्धारित की गई थी।

   iv. क्षति अवधि के लिए संबद्ध सामानों के लेन-देन-वार आयात आंकड़ों के लिए डीजी सिस्टम से अनुरोध किया गया था। प्राधिकारी को आंकड़े प्राप्त हुए और उन्होंने लेन-देनों की उचित जांच के बाद आवश्यक विश्लेषण के लिए इन आंकड़ों पर भरोसा किया है।

v. नियम 6(2) के अनुसार, प्राधिकारी ने आवेदन-पत्र में उपलब्ध कराई गई सूचना के अनुसार, भारत में संबद्ध देशों के दूतावासों, संबद्ध देशों में विचाराधीन उत्पाद के ज्ञात उत्पादकों और निर्यातकों, भारत में संबद्ध सामानों के ज्ञात आयातकों और अन्य हितबद्ध पक्षकारों के साथ जांच आरंभ करने की अधिसूचना की एक प्रति साझा करके हितबद्ध पक्षकार कारों को जांच आरंभ करने की सूचना दी।

vi. नियम 6(3) के अनुसार, प्राधिकारी ने भारत में अपने दूतावासों के माध्यम से संबद्ध देशों की सरकारों, संबद्ध आयातों के ज्ञात निर्यातकों और अन्य हितबद्ध पक्षकारों को, जिन्होंने आवेदन-पत्र की एक प्रति के लिए लिखित रूप से अनुरोध किया था, आवेदन-पत्र के अगोपनीय रूपांतर की एक प्रति प्रदान की।

vii नियम 6(4) के अनुसार, प्राधिकारी ने जांच के लिए सामान्य मूल्य और निवल निर्यात कीमत के संबंध में सूचना प्राप्त करने हेतु निम्नलिखित उत्पादकों और निर्यातकों को प्रश्नावली भेजी।

क्र.सं.	संबद्ध देश में उत्पादकों/निर्यातकों के नाम
1	ऐस प्रॉस्पर कारपोरेशन
2	बीजिंग स्ट्रैटेजिक केमिकल्स कंपनी लिमिटेड
3	डाइकिन आर्केमा रेफ्रिजरेंट्स एशिया लिमिटेड
4	डाइकिन फ्लोरोकेमिकल्स (चीन) कंपनी लिमिटेड
5	डोंगयांग वेहुआ रेफ्रिजरेंट्स कंपनी लिमिटेड
6	जियांग्शी ली एंड मैन केमिकल लिमिटेड
7	लियाओचेंग रुइजिन (हांगकांग) कंपनी लिमिटेड
8	लू शी केमिकल (हांगकांग) कंपनी लिमिटेड
9	लू शी ग्रुप (हांगकांग) कंपनी लिमिटेड
10	निनहुआ ग्रुप कंपनी लिमिटेड
11	एससी निंग्बो इंटरनेशनल लिमिटेड
12	शांडोंग हुआन न्यू मटेरियल कंपनी लिमिटेड
13	सिनोकेम एनवायरनमेंटल प्रोटेक्शन केमिकल (ताइकांग) कंपनी लिमिटेड
14	सिनोकेम लैंटियन फ्लोरो मैटेरियल्स कंपनी लिमिटेड

15	द केमर्स 3एफ फ्लोरोकेमिकल एस (चांगशु) कंपनी लिमिटेड
16	द केमर्स केमिकल (शंघाई) कंपनी लिमिटेड
17	झेजियांग फोटेक इंटरनेशनल कंपनी
18	झेजियांग ओरिएंट मल्टीटेक्स आई/ई कंपनी लिमिटेड
19	झेजियांग क्वहुआ फ्लोर-केमिस्ट्री कंपनी लिमिटेड
20	झेजियांग क्यूझोउ लियानझोउ रेफ्रिजरेंट्स कंपनी लिमिटेड
21	झेजियांग क्यूझोउ लियानझोउ रेफ्रिजरेंट्स कंपनी लिमिटेड
22	झेजियांग सैनमेई केमिकल इंडस्ट्रीज़ कंपनी लिमिटेड
23	झेजियांग योंगहे रेफ्रिजरेंट्स कंपनी लिमिटेड
24	ज़िबो फेइयुआन केमिकल कंपनी लिमिटेड

viii. प्राधिकारी ने संबद्ध देशों की सरकारों को भारत में उनके दूतावासों के माध्यम से प्रश्नावलियां भेजी। संबद्ध देशों की सरकारों से अनुरोध किया गया कि वे अपने-अपने देशों में संबद्ध सामानों के उत्पादकों को जांच की शुरुआत अधिसूचना और प्रश्नावलियां भेजें तथा उन्हें निर्धारित समय-सीमा के भीतर प्रश्नावली का उत्तर देने की सलाह दें।

ix. उपर्युक्त के प्रत्युत्तर में, संबद्ध देश के निम्नलिखित उत्पादकों/निर्यातकों ने उत्तर दिया है और निर्यातक प्रश्नावली के उत्तर दायर किए है:

क्र.सं.	संबद्ध देश में उत्पादकों/निर्यातकों के नाम
1	हांगकांग ईगल मशीनरी एंड टेक्नोलॉजी कंपनी लिमिटेड
2	जियांग्सू सैनमेई केमिकल इंडस्ट्रीज़ कंपनी लिमिटेड
3	रुयुआन डोंगयांगगुआंग फ्लोरीन कंपनी लिमिटेड
4	शानक्सी सिनोकेम लांटियन न्यू केमिकल मटेरियल कंपनी लिमिटेड
5	शांदोंग डोंगयू रेफ्रिजरेंट्स कंपनी लिमिटेड
6	सिनोकेम एनवायरनमेंटल प्रोटेक्शन केमिकल्स (टीएआईसीएएनजी) कंपनी लिमिटेड
7	सिनोटेक केमिकल्स कंपनी लिमिटेड
8	द केमर्स केमिकल (शंघाई) कंपनी लिमिटेड

9	झेजियांग सैनमेई केमिकल इंडस्ट्रीज़ कंपनी लिमिटेड

x. नियमावली के नियम 6(4) के अनुसार, प्राधिकारी ने भारत में विचाराधीन उत्पाद के निम्नलिखित ज्ञात आयातकों/प्रयोक्ताओं को भी प्रश्नावली भेजकर आवश्यक सूचना मांगी:

क्र.सं.	भारत में प्रयोक्ताओं/आयातकों के नाम
1	अजय एयर प्रोडक्ट्स (प्रा.) लिमिटेड
2	बोर्गवार्नर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
3	कूलमेट रेफ्रिजरेंट्स प्राइवेट लिमिटेड
4	गोरखराम हरिबक्स
5	गुजरात फ्लोरो केमिकल्स लिमिटेड
6	गुप्ता ऑक्सीजन लिमिटेड
7	हेलियस स्पेशलिटी गैसेस प्राइवेट लिमिटेड
8	हिताची एस्टेमो ब्रेक सिस्टम्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
9	किरो रेफ्रिजरेंट्स प्राइवेट लिमिटेड
10	केपीएल इंटरनेशनल लिमिटेड
11	मंगली पेट्रोकेम लिमिटेड
12	मिहामा इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
13	एमपीसीएल इंडस्ट्रीज लिमिटेड
14	नवीन फ्लोरीन इंटरनेशनल लिमिटेड
15	रेफेक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड
16	सिकेलन केमिकल्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
17	स्टैलियन एंटरप्राइजेज
18	स्टैलियन इंडिया फ्लोरोकेमिकल्स प्राइवेट लिमिटेड
19	द केमर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
20	वैल्यू रेफ्रिजरेंट्स प्राइवेट लिमिटेड
21	विजय पेट्रोकेम प्राइवेट लिमिटेड

xi. उपर्युक्त अधिसूचना के प्रत्युत्तर में, निम्नलिखित आयातकों और प्रयोक्ताओं ने वर्तमान जांच में पंजीकरण कराया है और अनुरोध किए हैं:

क्र.सं.	भारत में प्रयोक्ताओं/आयातकों के नाम
1	गुप्ता ऑक्सीजन लिमिटेड
2	विजय पेट्रोकेम प्राइवेट लिमिटेड

xii. प्राधिकारी ने जनहित और व्यापक अर्थव्यवस्था पर शुल्कों के प्रभाव का आकलन करने के लिए एक आर्थिक हित प्रश्नावली (ईआईक्यू) जारी की। ईआईक्यू की एक प्रति प्रत्येक संबद्ध देश के दूतावास, सभी ज्ञात निर्यातकों, आयातकों और प्रयोक्ताओं तथा घरेलू उद्योग को भेजी गई। ईआईक्यू को प्रशासनिक मंत्रालय के साथ भी साझा किया गया। घरेलू उद्योग, गुप्ता ऑक्सीजन लिमिटेड, विजय पेट्रोकेम प्राइवेट लिमिटेड और डोमेस्टिक रेफ्रिजरेंट इम्पोर्टर्स एसोसिएशन द्वारा आर्थिक हित प्रश्नावली दायर की गई।

xiii. डोमेस्टिक रेफ्रिजरेंट इम्पोर्टर्स एसोसिएशन (डीआरआईए) द्वारा भी अनुरोध किए गए हैं, और वर्तमान प्रकटन विवरण में इन पर विचार किया गया है। डीआरआईए ने अपने अगोपनीय अनुरोध अन्य हितबद्ध पक्षकारों के साथ परिचालित किए हैं।

xiv. निर्धारित समय-सीमा के भीतर स्वयं को पंजीकृत करने वाले सभी हितबद्ध पक्षकारों की सूची वेबसाइट पर अपलोड की गई। सभी पंजीकृत हितबद्ध पक्षकारों को निर्देश दिया गया कि वे वर्तमान कार्यवाही में अपने सभी अनुरोधों का अगोपनीय रूपांतर अन्य सभी हितबद्ध पक्षकारों को परिचालित करें।

xv. हितबद्ध पक्षकारों को विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र पर टिप्पणियाँ प्रस्तुत करने और यदि आवश्यक हो, तो पीसीएन प्रस्तावित करने का अवसर, जांच की शुरुआत की तारीख से 15 दिनों के भीतर अवर प्रदान किया गया था। तत्पश्चात, टिप्पणियाँ देने की प्रारंभिक समय-सीमा 19 अक्टूबर 2024 तक बढ़ा दी गई थी। घरेलू उद्योग के अलावा, किसी अन्य हितबद्ध पक्षकार द्वारा विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र या पीसीएन के प्रस्ताव के संबंध में कोई टिप्पणी नहीं की गई है।

अनुरोधों के आधार पर, प्राधिकारी ने 12 नवंबर 2024 को पीसीएन को स्पष्ट और अधिसूचित किया।

xvi. नियम 6(6) के अनुसार, प्राधिकारी ने हितबद्ध पक्षकारों को 8 जुलाई 2025 को आयोजित सुनवाई में मौखिक रूप से अपने विचार प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान किया। मौखिक सुनवाई में अपने विचार प्रस्तुत करने वाले पक्षकारों को मौखिक रूप से व्यक्त विचारों के लिखित अनुरोध देने और उसके बाद प्रत्युत्तर अनुरोध करने का निर्देश दिया गया था।

xvii. नियम 6(8) के अनुसार, जहाँ कहीं भी किसी हितबद्ध पक्षकार ने वर्तमान कार्यवाही के दौरान आवश्यक सूचना तक पहुँच से इनकार किया है या समय पर उपलब्ध नहीं कराई है, या जाँच में अत्यधिक बाधा डाली है, प्राधिकारी ने ऐसे पक्षकारों को असहयोगी माना है और उपलब्ध तथ्यों के आधार पर जांच परिणाम दर्ज किए हैं।

xviii. नियम 7 के अनुसार, हितबद्ध पक्षकारों द्वारा गोपनीय आधार पर प्रदान की गई सूचना की प्राधिकारी द्वारा दावा की गई गोपनीयता की पर्याप्तता के संबंध में जाँच की गई थी। संतुष्ट होने पर, प्राधिकारी ने गोपनीयता के दावों को, जहाँ कहीं भी आवश्यक हुआ, स्वीकार कर लिया है और ऐसी सूचना को गोपनीय माना गया है तथा अन्य हितबद्ध पक्षकारों को इसका प्रकटन नहीं किया है। जहाँ तक संभव हो, गोपनीय आधार पर सूचना प्रदान करने वाले पक्षकारों को गोपनीय आधार पर दायर की गई सूचना का अगोपनीय सारांश प्रदान करने का निर्देश दिया गया था।

xix. नियम 8 के अनुसार, प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग और अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों का सत्यापन वर्तमान कार्यवाही के लिए आवश्यक समझी गई सीमा तक किया। प्राधिकारी ने वर्तमान मामले में अपने विश्लेषण में हितबद्ध पक्षकारों के सत्यापित आंकड़ों पर विचार किया है।

xx. प्राधिकारी ने विचाराधीन उत्पाद के लिए क्षति रहित कीमत (एनआईपी) की गणना इस प्रकार की है कि यह पता लगाया जा सके कि क्या पाटन मार्जिन से कमतर शुल्क घरेलू उद्योग को हो रही क्षति की भरपाई के लिए पर्याप्त होंगे। एनआईपी की गणना घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत सूचना और सामान्यतः स्वीकृत

लेखांकन सिद्धांतों (जीएएपी) को ध्यान में रखते हुए, भारत में घरेलू समान वस्तु इष्टम उत्पादन लागत और उत्पादन एवं बिक्री की लागत के आधार पर की गई है।

xxi. प्राधिकारी ने कार्यवाही के दौरान हितबद्ध पक्षकारों द्वारा उठाए गए मुद्दों, प्रदान की गई सूचना और प्रस्तुत किए गए अनुरोधों की, उस सीमा तक जांच की, जहां तक वे साक्ष्यों द्वारा समर्थित थे और वर्तमान प्रयोजन में अंतिम जांच परिणाम निकालने के लिए संगत माने गए थे।

xxii. जांच के आवश्यक तथ्यों से युक्त एक प्रकटन विवरण, जो अंतिम जांच परिणामों का आधार बना, हितबद्ध पक्षकारों को 19 सितंबर 2025 को जारी किया गया और हितबद्ध पक्षकारों को उस पर टिप्पणी करने के लिए समय दिया गया। हितबद्ध पक्षकारों से प्राप्त प्रकटन विवरण पर टिप्पणियों पर, जहां तक वे संगत पाई गई थी, पुनरावृत्ति की नहीं थी और इस अंतिम जांच परिणाम अधिसूचना में साक्ष्य से समर्थित थी, विचार किया गया है।

xxiii. *** किसी पक्षकार द्वारा गोपनीय आधार पर प्रदान की गई और नियमालवी के तहत प्राधिकारी द्वारा मानी गई सूचना दर्शाते हैं।

xxiv. वर्तमान जांच के लिए प्राधिकारी द्वारा अपनाई गई विनिमय दर 1 अम.डा. = 83.69 रुपये है।

ग. <u>विचाराधीन उत्पाद और समान वस्तु</u>

2. जांच की शुरुआत के चरण में, विचाराधीन उत्पाद को निम्नानुसार परिभाषित किया गया था:

> *"3. वर्तमान आवेदन-पत्र में विचाराधीन उत्पाद 1,1,1,2-टेट्राफ्लुओरोएथेन या सभी प्रकार के आर-134ए हैं, चाहे वह पैक किया हुआ हो या अनपैक्ड। सीजीएमपी अनुमोदित फार्मा ग्रेड को विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र से बाहर रखा गया है।*
>
> *4. आर-134ए को टेट्राफ्लुओरोएथेन, जेनेट्रॉन 134ए, सुवा 134ए या एचएफसी-134ए, एचएफए-134ए और नॉरफ्लुरेन के नाम से भी जाना जाता है। यह एक हैलोएल्केन रेफ्रिजरेंट है जिसके ऊष्मागतिक गुण आर-12*

(डाइक्लोरोडिक्लोरोमेथेन) के समान हैं, लेकिन इसमें ओज़ोन अवक्षय क्षमता नहीं है। इसका सूत्र सीएच2एफसीएफ3 है और इसका बॉयलिंग प्वाइंट - 26.3° सेल्शियस (-15.34 °एफ) है।

5. यह उत्पाद मुख्य रूप से ऑटोमोबाइल एयर कंडीशनर के लिए उच्च तापमान रेफ्रिजरेंट के रूप में उपयोग किया जाता है। इसका उपयोग प्लास्टिक फोम ब्लोइंग में, सफाई विलायक के रूप में और फार्मास्यूटिकल्स की डिलीवरी के लिए प्रणोदक के रूप में, गैस डस्टर और एयर ड्रायर में संपीड़ित हवा से नमी हटाने के लिए भी किया जाता है।

7. विचाराधीन उत्पाद उप-शीर्ष 29034500 के तक सीमा प्रशुल्क अधिनियम, 1975 के अध्याय 29 के अंतर्गत वर्गीकृत है। 2021-22 से पहले, विचाराधीन उत्पाद 29033919 के अंतर्गत वर्गीकरणीय था। उत्पाद का आयात 29033990 के अंतर्गत भी किया गया था। उत्पाद के लिए सीमा शुल्क वर्गीकरण में बदलाव आया है और अब यह एचएस कोड 29034500 के अंतर्गत वर्गीकरणीय है और प्रमुख रूप से आयातित है। उत्पाद का आयात एचएस कोड 29034300 के अंतर्गत भी कम मात्रा में किया गया है। सीमा शुल्क वर्गीकरण केवल संकेतात्मक है और जाँच के क्षेत्र पर बाध्यकारी नहीं है।

ग.1 हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध

3. हितबद्ध पक्षकारों ने विचाराधीन उत्पाद और समान वस्तु के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

i. गैर-सीजीएमपी फार्मा ग्रेड और गैर-फार्मा (औद्योगिक) ग्रेड आर-134ए तकनीकी विशिष्टताओं, अंतिम-उपयोग अनुप्रयोगों और कीमत निर्धारण में महत्वपूर्ण रूप से भिन्न हैं।

ii. गैर-सीजीएमपी फार्मा ग्रेड अधिक शुद्ध, अधिक महंगा है और इनहेलर जैसे महत्वपूर्ण चिकित्सा उत्पादों में उपयोग किया जाता है, जबकि औद्योगिक ग्रेड का उपयोग प्रशीतन और वातानुकूलन में किया जाता है।

iii. गैर-सीजीएमपी फार्मा ग्रेड और गैर-फार्मा (औद्योगिक) ग्रेड के लिए अलग-अलग पीसीएन तैयार करने की आवश्यकता है।

iv. फार्मा ग्रेड और गैर-फार्मा ग्रेड आर-134ए विशेषताओं, उपयोगों, लागत और बिक्री कीमतों में भिन्न हैं। फार्मा ग्रेड गैर-फार्मा कीमत से लगभग दोगुनी कीमत पर बिकता है; इसलिए उन्हें एक ही पीसीएन के अंतर्गत नहीं माना जा सकता है।

ग.2 घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

4. घरेलू उद्योग ने विचाराधीन उत्पाद और समान वस्तु के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

i. विचाराधीन उत्पाद आर-134ए है। उत्पाद के क्षेत्र में सीजीएमपी-अनुमोदित फार्मा ग्रेड को छोड़कर, आर134ए के सभी प्रकार शामिल हैं।

ii. घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित उत्पाद और चीन से आयातित उत्पाद सभी तकनीकी और वाणिज्यिक पहलुओं में तुलनीय हैं और उपभोक्ताओं द्वारा परस्पर उपयोग किए जाते हैं। इस प्रकार, वे पाटनरोधी नियमावली के तहत समान वस्तु के रूप में योग्य हैं।

iii. किसी भी हितबद्ध पक्षकार ने विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र पर टिप्पणी दायर नहीं की।

iv. सिनोकेम और शानक्सी सिनोकेम ने मौखिक सुनवाई के चरण में पहली बार फार्मा और गैर-फार्मा ग्रेड के लिए अलग-अलग पीसीएन का अनुरोध किया है। हालाँकि, कोई पूर्व अनुरोध नहीं किया गया था।

v. अगोपनीय अनुरोध साझा करने वाले कानूनी प्रतिनिधियों के ईमेल में पीयूसी-पीसीएन पर कोई टिप्पणी नहीं है। मौखिक सुनवाई के दौरान विलंबित अनुरोधों पर आपत्ति जताए जाने के बावजूद, हितबद्ध पक्षकार ने समय पर दायर करने का दावा नहीं किया।

vi. गैर-सीजीएमपी फार्मा ग्रेड और औद्योगिक ग्रेड आर-134ए के बीच केवल कीमत अंतर ही अलग-अलग पीसीएन को उचित नहीं ठहराता, क्योंकि दोनों ग्रेड की उत्पादन लागत समान है, केवल मामूली शुद्धिकरण अंतर 5% की सीमा से काफी कम है।

vii. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने लागत अंतर का आकलन नहीं किया है। अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने यह दावा भी नहीं किया है कि उन्होंने फार्मा ग्रेड आर-134ए का निर्यात किया है।

viii. चूँकि दोनों ग्रेड के बीच एकमात्र अंतर शुद्धिकरण की मात्रा (मुख्यतः सुखाने) में है, इसलिए लागत अंतर न्यूनतम है।

ग.3 प्राधिकारी द्वारा जांच

5. विचाराधीन उत्पाद को जांच की शुरुआत की अधिसूचना में निम्नानुसार परिभाषित किया गया था।

> *3. वर्तमान जाँच में विचाराधीन उत्पाद में सभी प्रकार के 1,1,1,2-टेट्राफ्लोरोइथेन या आर-134ए शामिल हैं, चाहे वे पैक किए गए हों या अनपैक किए गए। हालाँकि, सीजीएमपी अनुमोदित फार्मास्युटिकल ग्रेड को विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र से बाहर रखा गया है।*

6. जांच की शुरुआत की अधिसूचना में सभी हितबद्ध पक्षकारों को उत्पाद के क्षेत्र और पीसीएन पद्धति पर अपनी टिप्पणियाँ जांच की शुरुआत की अधिसूचना से 15 दिनों के भीतर प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया गया था, जिसे पक्षकारों के अनुरोध पर बढ़ा दिया गया था।

7. 12 नवंबर 2024 की सूचना के माध्यम से, प्राधिकारी ने जांच की शुरुआत की अधिसूचना के अनुसार पीसीएन और पीयूसी के साथ जाँच आगे बढ़ाने का निर्णय लिया।

8. वर्तमान अध्ययन में विचाराधीन उत्पाद आर-134ए है, जिसे टेट्राफ्लोरोएथेन, जेनेट्रॉन 134ए, सुवा 134ए, एचएफसी-134ए, एचएफए-134ए और नॉरफ्लुरेन के नाम से भी जाना जाता है। आर134ए एक हैलोएल्केन रेफ्रिजरेंट है जिसके ऊष्मागतिक गुण आर-12 (डाइक्लोरोडिटल्यूरोमीथेन) के समान हैं, लेकिन इसमें ओज़ोन क्षरण क्षमता नहीं

है। इसका सूत्र सीएच2 एफसीएफ3 है और इसका बॉयलिंग प्वाइंट -26.3 °सेल्शियस (-15.34 °एफ) है।

9. यह उत्पाद मुख्य रूप से ऑटोमोबाइल एयर कंडीशनर के लिए उच्च तापमान रेफ्रिजरेंट के रूप में उपयोग किया जाता है। इसका उपयोग प्लास्टिक फोम ब्लोइंग, सफाई विलायक के रूप में, दवाइयों, गैस डस्टर और एयर ड्रायर में प्रणोदक के रूप में, संपीड़ित हवा से नमी हटाने के लिए भी किया जाता है।

10. यह उत्पाद हाइड्रोफ्लोरोकार्बन की व्यापक श्रेणी से संबंधित है और किगाली संशोधन द्वारा शासित है। हाइड्रोफ्लोरोकार्बन प्रकृति में शक्तिशाली ग्रीनहाउस गैसें हैं, और वे वायुमंडल में गर्मी को फंसाकर जलवायु परिवर्तन में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए जाने जाते हैं। मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल का किगाली संशोधन एक वैश्विक करार है जिसका उद्देश्य एचएफसी-134 ए (आर134 ए) सहित हाइड्रोफ्लोरोकार्बन (एचएफसी) के उत्पादन और खपत को चरणबद्ध तरीके से कम करना है। किगाली संशोधन हाइड्रोफ्लोरोकार्बन (एचएफसी) को चरणबद्ध तरीके से कम करने का आदेश देता है। संशोधन का उद्देश्य एचएफसी की खपत को कम करके वैश्विक तापमान में उल्लेखनीय वृद्धि को रोकना है। करार के तहत, पक्षकारों (देशों) को विशिष्ट समय सीमा के भीतर एचएफसी गैस की खपत को धीरे-धीरे कम करना आवश्यक है।

11. चरणबद्ध कटौती कार्यक्रम को देश की प्रकृति के आधार पर अलग-अलग आधार वर्षों वाले दो समूहों में विभाजित किया गया है।

    क. चीन जैसे विकसित देशों के लिए, चरणबद्ध कटौती कार्यक्रम 2020-2022 की आधार अवधि पर आधारित है, जिसमें 2029 से कटौती शुरू होगी।

    ख. भारत जैसे विकासशील देशों के लिए, चरणबद्ध कटौती कार्यक्रम 2024-2026 की आधार अवधि पर आधारित है, जिसमें 2032 से कटौती शुरू होगी।

12. विचाराधीन उत्पाद के निर्माण में, पहले ट्राइक्लोरोइथिलीन को हाइड्रोजन फ्लोराइड के साथ अभिक्रिया करके 1,1,1-ट्राइफ्लोरो-2-क्लोरोइथेन (जिसे आर133ए भी कहा जाता है) बनाया जाता है। फिर, आर133ए को अधिक हाइड्रोजन फ्लोराइड के साथ

अभिक्रिया करके आर134ए बनाया जाता है। आर134ए को भंडारण से पहले, अक्सर आसवन स्तंभों और जिओलाइट अधिशोषण का उपयोग करके शुद्ध किया जाता है।

13. किसी भी हितबद्ध पक्षकार ने विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र पर टिप्पणी दायर नहीं की है। इसलिए, प्राधिकारी विचाराधीन उत्पाद का क्षेत्र निम्नलिखित रूप में निकालते हैं:

> *सभी प्रकार के 1,1,1,2-टेट्राफ्लोरोएथेन या आर-134ए, चाहे पैक किए गए हों या अनपैक किए गए। हालाँकि, सीजीएमपी अनुमोदित फार्मास्युटिकल ग्रेड को विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र से बाहर रखा गया है।*

14. विचाराधीन उत्पाद उप-शीर्ष 2903 45 00 के तहत सीमा प्रशुल्क अधिनियम, 1975 के अध्याय 29 के अंतर्गत वर्गीकृत है। 2021-22 से पहले, उत्पाद शीर्ष 2903 39 19 के अंतर्गत वर्गीकृत था और शीर्ष 2903 39 90 के अंतर्गत आयात भी किया जाता था। उत्पाद के लिए सीमा शुल्क वर्गीकरण बाद में बदलकर 2903 45 00 कर दिया गया है।

15. भारत सरकार ने अधिसूचना संख्या 59/2015-2020 दिनांक 9 मार्च 2022 के तहत एचएस कोड 2903 45 00 के अंतर्गत आयात को प्रतिबंधित आयात घोषित किया है। उत्पाद के आयात के लिए लाइसेंस की आवश्यकता होती है। यद्यपि उत्पाद का आयात विनियमित है, कोई भी प्रयोक्ता लाइसेंस के माध्यम से उत्पाद का आयात कर सकता है।

16. प्राधिकारी द्वारा प्राप्त डीजी सिस्टम के लेन-देन-वार आयात आंकड़ों के आधार पर, यह देखा गया है कि उत्पाद का आयात वर्गीकरण 2903 45 00 के अंतर्गत किया गया है। यह भी नोट किया जाता है कि सीमा शुल्क वर्गीकरण केवल संकेतात्मक है और वर्तमान जाँच के क्षेत्र पर किसी भी तरह से बाध्यकारी नहीं है।

i. <u>समान वस्तु</u>

17. घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित और संबद्ध देश से आयातित विचाराधीन उत्पाद, भौतिक एवं रासायनिक विशेषताओं, विनिर्माण प्रक्रिया एवं प्रौद्योगिकी, प्रकार्यों एवं

प्रयोगों, उत्पाद विनिर्देशनों, वितरण एवं विपणन तथा सामानों के प्रशुल्क वर्गीकरण जैसी विशेषताओं के संदर्भ में तुलनीय है। ये दोनों तकनीकी और वाणिज्यिक रूप से प्रतिस्थापनीय हैं, और उपभोक्ता इनका परस्पर उपयोग कर सकते हैं। किसी भी हितबद्ध पक्षकार ने इस बात पर विवाद नहीं किया है कि विचाराधीन उत्पाद आयातित उत्पाद के समान वस्तु है। इसलिए, घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित वस्तुएँ संबद्ध देश से आयातित विचाराधीन उत्पाद के समान वस्तु हैं।

ii. <u>पीसीएन पद्धति</u>

18. जांच शुरुआत की अधिसूचना और विचाराधीन उत्पाद-पीसीएन स्पष्टीकरण सूचना में अपनाई गई पीसीएन पद्धति इस प्रकार है: -

विचाराधीन उत्पाद	**पीसीएन**	**कोड**
I, I, 1,2- टेट्राफ्लोरोइथेन या आर- I 34ए	पैक किया हुआ	पी
	अनपैक किया हुआ	यू

19. लिखित अनुरोधों में, अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने तकनीकी गुणों, अंतिम उपयोग अनुप्रयोगों और बिक्री कीमतों में अंतर का हवाला देते हुए गैर-फार्मा (अर्थात, औद्योगिक ग्रेड) और गैर-सीजीएमपी फार्मा ग्रेड के लिए अलग-अलग पीसीएन बनाने का अनुरोध किया। प्राधिकारी नोट करते हैं कि दोनों ग्रेडों के बीच प्राथमिक अंतर शुद्धिकरण की डिग्री तक ही सीमित है। हितबद्ध पक्षकारों ने दोनों ग्रेडों की लागत में अंतर के बारे में सूचना नहीं दी है। घरेलू उद्योग ने दावा किया है कि दोनों ग्रेडों के बीच लागत का अंतर न्यूनतम है और अलग-अलग पीसीएन बनाने के लिए निर्धारित 5% की सीमा को पूरा नहीं करता है। सिनोकैम एनवायरनमेंटल प्रोटेक्शन केमिकल्स (टीएआईसीएएनजी) कंपनी लिमिटेड और शानक्सी सिनोकैम लांटियन न्यू केमिकल मैटेरियल कंपनी लिमिटेड ने जांच की अवधि के दौरान केवल 13 एमटी गैर-सीजीएमपी फार्मा ग्रेड की सूचना दी है, जो नगण्य है। उपर्युक्त के मद्देनजर प्राधिकारी ने विचाराधीन उत्पाद-पीसीएन नोटिस में अधिसूचित किए गए अनुसार उसकी पीसीएन पद्धति पर विचार किया है।

घ. <u>घरेलू उद्योग का क्षेत्र और आधार</u>

घ.1 अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध

20. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा घरेलू उद्योग के क्षेत्र और उसके आधार के संबंध में कोई अनुरोध नहीं किए गए हैं।

घ.2 घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

21. घरेलू उद्योग ने घरेलू उद्योग और उसके आधार के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

i. वर्तमान आवेदन-पत्र एसआरएफ लिमिटेड द्वारा दायर किया गया है, जो भारत में समान वस्तु का एकमात्र उत्पादक है।

ii. घरेलू उद्योग ने न तो संबद्ध देश से उत्पाद का आयात किया है और न ही संबद्ध देश के किसी उत्पादक/निर्यातक या भारत में आयातक से संबद्ध है।

घ.3 प्राधिकारी द्वारा जांच

22. पाटनरोधी नियमावली के नियम 2(ख) में घरेलू उद्योग निम्नलिखित रूप में परिभाषित हैः

> *'(ख) "घरेलू उद्योग'' का तात्पर्य ऐसे समग्र घरेलू उत्पादकों से है जो समान वस्तु के विनिर्माण और उससे जुड़े किसी कार्यकलाप में संलग्न हैं अथवा ऐसे उत्पादकों से है जिनका उक्त वस्तु का सामूहिक उत्पादन उक्त वस्तु के कुल घरेलू उत्पादन का एक बड़ा भाग बनता है सिवाए उस स्थिति के जब ऐसे उत्पादक आरोपित पाटित वस्तु के निर्यातकों या आयातकों से संबंधित होते हैं अथवा वे स्वयं उसके आयातक होते हैं, तो ऐसे मामले में ''घरेलू उद्योग'' पद का अर्थ शेष उत्पादकों के संदर्भ में लगाया जा सकता है।"*

23. यह आवेदन-पत्र एसआरएफ लिमिटेड द्वारा दायर किया गया है। आवेदक भारत में किसी आयातक या संबद्ध देश में विचाराधीन उत्पाद के किसी उत्पादक/निर्यातक से संबद्ध नहीं है और उसने जाँच की अवधि के दौरान संबद्ध देश से विचाराधीन उत्पाद का आयात नहीं किया है।

24. आवेदक भारत में समान वस्तु का एकमात्र उत्पादक है। घरेलू उद्योग कुल भारतीय उत्पादन का 100% हिस्सा है। समान वस्तु के भारतीय उत्पादन में घरेलू उद्योग का प्रमुख अनुपात है।

25. प्राधिकारी इस निष्कर्ष पर पहुँचे हैं कि आवेदक नियमावली के नियम 2(ख) के अंतर्गत घरेलू उद्योग है और उनका मानना है कि आवेदन-पत्र नियमावली के नियम 5(3) के अनुसार आधार के मानदंडों को पूरा करता है।

ङ. <u>गोपनीयता और विविध अनुरोध</u>

ङ.1 अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध

26. गोपनीयता के संबंध में अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं।

i. आवेदन-पत्र के अगोपनीय रूपांतर में निर्यात कीमत समायोजन के साक्ष्य, पीसीएन-वार निर्यात कीमत और लागत संबंधी आंकड़े, बाजार हिस्सेदारी के रुझान, कम कीमत पर बिक्री और क्षति मार्जिन जैसे क्षति मापदंडों जैसे आवश्यक विवरणों का अभाव है। लाभ/हानि और आरओसीई जैसे प्रमुख आंकड़े भी बिना किसी वैध आधार के गोपनीय रखे गए हैं।

ii. घरेलू उद्योग ने दावा किया है कि अत्यधिक गोपनीयता व्यापार सूचना संख्या 10/2018 का उल्लंघन करती है क्योंकि इसमें विनिर्माण प्रक्रिया का विवरण, कच्चे माल के नाम, आवेदन-पत्र में सामान्य मूल्य, बिक्री कीमत - कैप्टिव खपत, निर्यात और कैप्टिव खपत के लिए प्रति इकाई बिक्री प्राप्ति, निर्यात के

लिए प्रति इकाई बिक्री लागत और क्षतिरहित कीमत गणना का प्रकटन नहीं किया गया है।

iii. घरेलू उद्योग ने अपनी बाजार आसूचना रिपोर्ट के आधार पर आयात आंकड़ों का उपयोग किया है, जो प्रतिनिधिकारक या विश्वसनीय प्रतीत नहीं होता है।

iv. जिन आयात आंकड़ों पर घरेलू उद्योग द्वारा भरोसा किया गया है वे आयात आंकड़े एक निजी बाज़ार आसूचना रिपोर्ट से लिए गए हैं, न कि आधिकारिक डीजीसीआईएंडएस डेटाबेस से, जिससे यह अविश्वसनीय और अप्रामाणिक हो जाता है। प्राधिकारी को पाटन और क्षति का आकलन करने के लिए पूरी तरह से डीजीसीआईएंडएस आंकड़ों पर ही विश्वास करना चाहिए।

v. संपूर्ण आयात आंकड़ों का प्रकटन नहीं किया गया है, जो कानूनी प्रावधानों और प्राधिकारी द्वारा जारी व्यापार नोटिस संख्या 2013 की व्यापार सूचना संख्या 1 और 2004 की संख्या 2 के विपरीत है, जिसके तहत घरेलू उद्योग को सभी हितबद्ध पक्षकारों को ऐसे आंकड़े प्रदान करने की आवश्यकता होती है।

vi. घरेलू उद्योग व्यापार उपचार का आदतन प्रयोक्ता प्रतीत होता है। घरेलू उद्योग अपने लाभ के लिए पाटनरोधी उपायों का अनुचित लाभ उठाने का प्रयास कर रहा है।

ड.2 घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

27. घरेलू उद्योग ने निम्नलिखित विविध अनुरोध **किए हैं: -**

i. घरेलू उद्योग ने एनसीवी आवेदन-पत्र में पीसीएन-वार निर्यात कीमत और चीन से भारत तक समुद्री माल ढुलाई के साक्ष्य प्रदान किए हैं।

ii. समुद्री बीमा, बैंक प्रभार, बंदरगाह व्यय, अंतर्देशीय माल ढुलाई, सार-संभाल प्रभार और कमीशन जैसे लागत घटक मालिकाना हैं और इसलिए अनुमानों के आधार पर समायोजित किए जाते हैं।

iii. एनआईपी के आधार पर लागत संबंधी आंकड़े और क्षति मार्जिन गोपनीय हैं और उनका प्रकटन नहीं किया जा सकता। लाभ और आरओसीई सहित क्षति मापदंडों के रुझान व्यापार नोटिस के अनुसार प्रकट किए गए हैं।

iv. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा अत्यधिक गोपनीयता के संबंध में किए गए दावे विलंबित हैं और उन्हें अस्वीकार कर दिया जाना चाहिए, क्योंकि जांच की शुरुआत की अधिसूचना में निर्धारित 7-दिवसीय समय-सीमा के भीतर कोई टिप्पणी दर्ज नहीं की गई थी।

v. उत्तरदाताओं द्वारा उद्धृत अधिकांश कारक निर्धारित क्षति विवरण से बाहर हैं और जांच में उन पर विचार नहीं किया गया है। सामान्य मूल्य और क्षतिरहित कीमत एनसीवी आवेदन-पत्र में पहले ही प्रकट किए जा चुके थे।

vi. आयात आंकड़ों के प्रकटन के संबंध में अनुरोध के बारे में, घरेलू उद्योग ने बाजार आसूचना पर भरोसा किया जो कि भुगतान किया गया आंकड़ा है। ऐसा आंकड़ा स्वामित्व वाला है और इसका प्रकटन नहीं किया जा सकता।

vii. उत्तरदाता द्वारा उद्धृत व्यापार नोटिस संख्या 1/2013 और संख्या 2/2004 में संपूर्ण आयात आंकड़ों के प्रकटन की आवश्यकता नहीं है। व्यापार नोटिस 07/2018 हितबद्ध पक्षकारों को प्राधिकारी से सीधे डीजीसीआईएंडएस आयात आंकड़े प्राप्त करने की अनुमति देता है। घरेलू उद्योग छांटे गए और न छांटे गए, दोनों आंकड़े प्रदान करने के लिए बाध्य नहीं है।

viii. घरेलू रेफ्रिजरेंट आयातक एसोसिएशन (डीआरआईए) पाटनरोधी नियमावली के नियम 2(ग)(i) के तहत एक हितबद्ध पक्षकार के रूप में अर्हता प्राप्त करने में विफल रहा है, क्योंकि इसने यह प्रमाणित नहीं किया है कि इसके अधिकांश सदस्य संबद्ध सामानों के वास्तविक आयातक हैं।

ix. डीआरआईए ने अपनी भूमिका को उचित ठहराने के लिए आवश्यक पंजीकरण दस्तावेज, सदस्य सूची, प्राधिकारी या आंतरिक संकल्प प्रस्तुत करने जैसी प्रमुख आवश्यकताओं को भी पूरा नहीं किया है। गैर-अनुपालन इसकी विश्वसनीयता को कमजोर करता है और प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत का उल्लंघन करता है।

x. न तो सीमा शुल्क अधिनियम, न ही पाटनरोधी नियमावली, और न ही विश्व व्यापार संगठन करार, किसी घरेलू उद्योग द्वारा अनुचित आयातों के विरुद्ध राहत मांगने की संख्या को सीमित करता है।

xi. पिछली जाँचों में, प्राधिकारी ने लगातार पाया कि चीनी उत्पादक पाटन में लिप्त थे और क्षति की पुष्टि होने के बाद ही शुल्क लगाया था।

xii. घरेलू उद्योग विभिन्न व्यवसायों में 80-90 उत्पादों का निर्माण करता है, जिनमें अकेले फ्लोरोकेमिकल्स में लगभग 20 उत्पाद शामिल हैं, फिर भी उसने अन्य उत्पादों के लिए कोई राहत नहीं मांगी है।

xiii. घरेलू उद्योग लगातार घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय दोनों बाजारों में एक प्रतिस्पर्धी और विश्वसनीय आपूर्तिकर्ता बना हुआ है, जिसमें संयुक्त राज्य अमेरिका को निर्यात सहित मजबूत निर्यात लाभप्रदता है।

xiv. अन्य देशों द्वारा चीनी एचएफसी उत्पादकों पर पाटनरोधी शुल्क लगाने का वर्तमान जाँच पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।

xv. जाँच के बाद की अवधि में कम कीमत वाले आयातों का दावा असंगत है, क्योंकि इस जाँच में ऐसे आयातों पर विचार नहीं किया गया है।

xvi. डीआरएआई को आवश्यक संबद्धता दस्तावेजों के साथ आर्थिक हित प्रश्नावली का उत्तर समय पर प्रस्तुत किया गया है। इसलिए, पक्षकार जांच के लिए हितबद्ध पक्षकार की परिभाषा के अंतर्गत आता है।

xvii. घरेलू उद्योग ने हितबद्ध पक्षकार के इस दावे पर ध्यान नहीं दिया है कि क्षति पाटन के मामले के बजाय अप्रत्याशित घटनाक्रम, किगाली संशोधन से उत्पन्न सुरक्षा स्थिति की प्रकृति की है।

xviii. घरेलू उद्योग ने न तो लेन-देन-वार आयात आंकड़ों का प्रकटन किया है और न ही अपने दावों को पुष्ट करने के लिए आंकड़ों के साथ कोई विश्वसनीय स्पष्टीकरण दिया है।

ड.3 प्राधिकारी द्वारा जांच

28. प्राधिकारी ने नियम 6(7) और व्यापार नोटिस 01/2020 के साथ पठित व्यापार नोटिस 10/2018 दिनांक 7 सितंबर 2018 के साथ पठित (प्राधिकारी द्वारा अगली सूचना तक बढाए गए अनुसार) के अनुसार सभी हितबद्ध पक्षकारों को विभिन्न हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रदान की गई सूचना का अगोपनीय रूपांतर उपलब्ध कराया।

"गोपनीय सूचना: (1) नियम 6 के उप-नियम (2), (3) और (7), नियम 12 के उप-नियम (2), नियम 15 के उप-नियम (4) और नियम 17 के उपनियम (4) में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी जांच की प्रक्रिया में नियम 5 के उपनियम (1) के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के प्रतियां या किसी पक्षकार कार द्वारा गोपनीय आधार पर निर्दिष्ट प्राधिकारी को प्रस्तुत किसी अन्य सूचना के संबंध में निर्दिष्ट प्राधिकारी उसकी गोपनीयता से संतुष्ट होने पर उस सूचना को गोपनीय मानेंगे और ऐसी सूचना देने वाले पक्षकार कार से स्पष्ट प्राधिकार के बिना किसी अन्य पक्षकार कार को ऐसी किसी सूचना का प्रकटन नहीं करेंगे।

(2) निर्दिष्ट प्राधिकारी गोपनीय अधिकारी पर सूचना प्रस्तुत करने वाले पक्षकार कारों से उसका अगोपनीय सारांश प्रस्तुत करने के लिए कह सकते हैं और यदि ऐसी सूचना प्रस्तुत करने वाले किसी पक्षकार कार की राय में उस सूचना का सारांश नहीं हो सकता है तो वह पक्षकार कार निर्दिष्ट प्राधिकारी को इस बात के कारण संबंधी विवरण प्रस्तुत करेगा कि सारांश करना संभव क्यों नहीं है।

(3) उप नियम (2) में किसी बात के होते हुए भी यदि निर्दिष्ट प्राधिकारी इस बात से संतुष्ट है कि गोपनीयता का अनुरोध अनावश्यक है या सूचना देने वाला या तो सूचना को सार्वजनिक नहीं करना चाहता है या उसकी सामान्य रूप में या सारांश रूप में प्रकटन नहीं करना चाहता है तो वह ऐसी सूचना पर ध्यान नहीं दे सकते हैं।"

29. घरेलू उद्योग और अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा गोपनीयता के संबंध में प्रस्तुत किए गए अनुरोधों की, जहाँ तक संगत समझा गया, प्राधिकारी द्वारा जाँच की गई और तदनुसार उनका समाधान किया गया। इस तर्क के संबंध में कि घरेलू उद्योग ने व्यापार सूचना 10/2018 के अंतर्गत अत्यधिक गोपनीयता का दावा किया है, अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत अनुरोधों की भी जाँच की गई है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि यद्यपि घरेलू उद्योग ने कुछ सूचनाओं को गोपनीय बताया है, तथापि उसने अपने 8 अगस्त 2025 के पत्र के माध्यम से अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा आरोपित सभी आवश्यक सूचनाओं का प्रकटन किया है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि व्यवसाय के प्रति संवेदनशील मानी जाने वाली अन्य सूचनाओं के लिए उचित औचित्य प्रस्तुत किया गया है।

30. संतुष्ट होने पर, प्राधिकारी ने गोपनीयता के दावों को, जहाँ कहीं भी आवश्यक हो, स्वीकार कर लिया है और ऐसी सूचना को गोपनीय माना गया है और अन्य हितबद्ध पक्षकारों को इसका प्रकटन नहीं किया गया है। जहाँ तक संभव हुआ, गोपनीय आधार पर सूचना प्रदान करने वाले पक्षकारों को गोपनीय आधार पर दायर की गई सूचना के पर्याप्त अगोपनीय रूपांतर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया था। प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि सभी हितबद्ध पक्षकारों ने अपने व्यवसाय से संबंधित संवेदनशील सूचनाओं को गोपनीय होने का दावा किया है।

31. हितबद्ध पक्षकारों ने तर्क दिया है कि घरेलू उद्योग ने अविश्वसनीय आयात आंकड़ों पर भरोसा किया है। प्राधिकारी ने वर्तमान जांच के प्रयोजनार्थ डीजी सिस्टम के लेनदेन-वार आंकड़ों पर भरोसा किया है।

32. इस तर्क के संबंध में कि घरेलू उद्योग व्यापार उपचार उपायों का अभ्यस्त प्रयोक्ता है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि धारा 9(क)(5) के अनुसार, घरेलू उद्योग द्वारा विदेशी उत्पादकों/निर्यातकों की अनुचित व्यापार परिपाटियों से निवारण प्राप्त करने की संख्या पर कोई प्रतिबंध नहीं है या इस पर कोई प्रतिबंध नहीं है कि पाटनरोधी शुल्क कितनी बार लगाया जा सकता है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि पाटनरोधी जांच में, प्राधिकारी का प्राथमिक अधिदेश यह आकलन करने के लिए है कि क्या पाटित आयातों और उसके परिणामस्वरूप घरेलू उद्योग को हुई क्षति के आलोक में उपचारात्मक उपायों की आवश्यकता है। पाटनरोधी शुल्क पाटन और क्षति का सामना करने के लिए आवश्यक अवधि तक लगाया जा सकता है। पाटनरोधी शुल्क लगाने की सिफारिशें प्राधिकारी द्वारा जांच के बाद और अपेक्षित कानूनी आवश्यकताओं की पूर्ति होने पर ही की जाती हैं।

च. <u>सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन का निर्धारण</u>

च.1 अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध

33. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

i. प्राधिकारी को चीन को बाज़ार अर्थव्यवस्था का दर्जा प्रदान करना होगा क्योंकि पैरा 15(घ) के अनुसार विश्व व्यापार संगठन में चीन के अभिगम की 15 वर्ष की अवधि 2016 में समाप्त हो गई है। इस प्रकार, सामान्य मूल्य की गणना चीनी उत्पादकों की वास्तविक कीमतों और लागत के आधार पर की जानी चाहिए।

च.2 घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

34. घरेलू उद्योग ने सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

i. चीनी उत्पादकों को गैर-बाज़ार अर्थव्यवस्था माने जाने के लिए यह दर्शाना चाहिए कि वे बाजार अर्थव्यवस्था की स्थितियों में प्रचालन करते हैं। किसी भी चीनी उत्पादक और निर्यातक ने बाज़ार अर्थव्यवस्था के व्यवहार का अनुरोध नहीं किया है। इसलिए, प्राधिकारी को नियमावली के अनुबंध I के पैरा 7 के अनुसार सामान्य मूल्य निर्धारित करना चाहिए

ii. चीन को उसके विश्व व्यापार संगठन अभिगम नयाचार के अनुच्छेद 15 के तहत एक गैर-बाज़ार अर्थव्यवस्था माना जाना है। प्राधिकारी की यह सतत् परिपाटी है कि वह पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध I के पैरा 7 के अनुसार सामान्य मूल्य निर्धारित करें।

iii. ऐतिहासिक आयात आँकड़े और आक्रामक कीमत निर्धारण प्रवृत्तियाँ दर्शाती हैं कि पाटन का यह पैटर्न लगातार बना हुआ है और घरेलू उद्योग को क्षति पहुँचा रहा है, जिसके लिए पाटनरोधी शुल्क लगाना आवश्यक है।

च.3 प्राधिकारी द्वारा जाँच

35. निर्यातक प्रश्नावली का उत्तर निम्नलिखित उत्पादकों/निर्यातकों द्वारा दायर किया गया है:

i. शानक्सी सिनोकेम लांटियन न्यू केमिकल मैटेरियल कंपनी लिमिटेड, सिनोकेम एनवायरनमेंटल प्रोटेक्शन केमिकल्स (टीएआईसीएएनजी) कंपनी लिमिटेड और द केमर्स केमिकल (शंघाई) कंपनी लिमिटेड

ii. शेडोंग डोंग्यू रेफ्रिजरेंट्स कंपनी लिमिटेड

iii. ज़िबो फेइयुआन केमिकल कंपनी लिमिटेड

iv. झेजियांग सानमेई केमिकल इंडस्ट्रीज़ कंपनी लिमिटेड और जियांग्सू सानमेई केमिकल इंडस्ट्रीज़ कंपनी लिमिटेड

v. रुयुआन डोंगयांगगुआंग फ्लोरीन कंपनी लिमिटेड, हांगकांग ईगल मशीनरी एंड टेक्नोलॉजी कंपनी लिमिटेड, और सिनोटक केमिकल्स कंपनी लिमिटेड।

च.3.1 चीन जन.गण. के लिए सामान्य मूल्य

36. डब्ल्यूटीओ में चीन के अभिगम नयाचार के अनुच्छेद 15 में निम्नलिखत प्रावधान है:

"जीएटीटी 1994 का अनुच्छेद VI, प्रशुल्क और व्यापार संबंधी सामान्य करार, 1994 ("पाटनरोधी करार") के अनुच्छेद VI के कार्यान्वयन संबंधी करार और एससीएम करार एक डब्ल्यूटीओ सदस्य में चीन के मूल के आयातों की संलिप्तता की कार्यवाहियों में लागू होंगे जिसमें निम्नलिखित शामिल हैं:-

(क) जीएटीटी 1994 के अनुच्छेद -VI और पाटनरोधी करार के तहत कीमत तुलनात्मकता का निर्धारण करने में, आयात करने वाला डब्ल्यूटीओ सदस्य या तो जांचाधीन उद्योग के लिए चीन की कीमतों अथवा लागतों का उपयोग करेंगे अथवा उस पद्धति का उपयोग करेंगे, जो निम्नलिखित नियमावली के आधार पर घरेलू कीमतों या चीन में लागतों के साथ सख्ती से तुलना करने पर आधारित नहीं है:

(i) यदि जांचाधीन उत्पादक साफ-साफ यह दिखा सकते हैं कि समान उत्पाद का उत्पादन करने वाले उद्योग में उस उत्पाद के विनिर्माण , उत्पादन और बिक्री के संबंध में बाजार अर्थव्यवस्था की स्थितियां रहती है तो निर्यात करने वाला डब्ल्यूटीओ सदस्य मूल्य की तुलनीयता का निर्धारण करने में जांचाधीन उद्योग के लिए चीन के मूल्यों अथवा लागतों का उपयोग करेगा।

(ii) आयातक डब्ल्यूटीओ सदस्य उस पद्धति का उपयोग कर सकता है जो चीन में घरेलू कीमतों अथवा लागतों के साथ सख्त अनुपालन पर आधारित नहीं है ,यदि जांचाधीन उत्पादक साफ-साफ यह नहीं दिखा सकते हैं कि उस उत्पाद के विनिर्माण ,उत्पादन और बिक्री के संबंध में

बाजार अर्थव्यवस्था की स्थितियां समान उत्पाद का उत्पादन करने वाले उद्योग हैं।

(ख) एससीएम समझौते के पैरा II ,III और V के अंतर्गत कार्यवाहियों में अनुच्छेद 14(क),14(ख), 14(ग) और 14(घ) में निर्धारित राजयसहायता को बताते समय एससीएम समझौते के संगत प्रावधान लागू होंगे , तथापि ,उसके प्रयोग करने में यदि विशेष कठिनाईयां हों ,तो आयात करने वाले डब्ल्यूटीओ सदस्य राजसहायता लाभ की पहचान करने और उसको मापने के लिए तब पद्धति का उपयोग कर सकते हैं जिसमें उस संभावना को ध्यान में रखती है और चीन में प्रचलित निबंधन और शर्तें उपयुक्त बेंचमार्क के रूप में सदैव उपलब्ध नहीं हो सकती है। ऐसी पद्धतियों को लागू करने में ,जहां व्यवहार्य हो ,आयात करने वाला डब्ल्यूटीओ सदस्य के द्वारा चीन से बाहर प्रचलित निबंधन और शर्तों का उपयोग के बारे में विचार करने से पूर्व ऐसी विद्यामान निबंधन और शर्तों को ठीक करना चाहिए।

(ग) आयात करने वाला डब्ल्यूटीओ सदस्य उप-पैरा (क) के अनुसार प्रयुक्त पद्धतियों को पाटनरोधी कार्य समिति के लिए अधिसूचित करेगा तथा उप पैराग्राफ (ख) के अनुसार प्रयुक्त पद्धतियों को कमिटी ऑन सब्सिडीज और काउंटर वेलिंग मैसर्स के लिए अधिसूचित करेगा।

(घ) आयात करने वाले डब्ल्यूटीओ सदस्य को राष्ट्रीय कानून के तहत चीन ने एक बार यह सुनिश्चित कर लिया है कि यह एक बाजार अर्थव्यवस्था है ,तो उप पैराग्राफ के प्रावधान (क)समाप्त कर दिए जाएंगे ,बशर्ते आयात करने वाले सदस्य के राष्ट्रीय कानून में प्राप्ति की तारीख के अनुरूप बाजार अर्थव्यवस्था संबंधी मानदंड हो। किसी भी स्थिति में उप पैराग्राफ क (II) के प्रावधान प्राप्ति की तारीख के बाद 15वर्षों में समाप्त होंगे। इसके अलावा ,आयात करने वाले डब्ल्यूटीओ सदस्य के राष्ट्रीय कानून के अनुसरण में चीन के द्वारा यह सुनिश्चित करना चाहिए कि बाजार अर्थव्यवस्था की स्थितियां एक विशेष उद्योग अथवा क्षेत्र में प्रचलित हैं ,उप पैराग्राफ (क) के गैर-बाजार अर्थव्यवस्था के प्रावधान उस उद्योग अथवा क्षेत्र के लिए आगे लागू नहीं होंगे।"

37. घरेलू उद्योग ने चीन के अभिगत नयाचार के अनुच्छेद 15(क)(i) तथा अनुबंध-I के पैरा 7 पर विश्वास किया है। घरेलू उद्योग ने दावा किया है कि चीन जन.गण.के उत्पादकों से यह दर्शाने के लिए कहा जाना चाहिए कि विचाराधीन उत्पाद के निर्माण, उत्पादन और बिक्री के संबंध में समान उत्पाद का उत्पादन करने वाले उनके उद्योग में बाजार अर्थव्यवस्था की स्थितियाँ विद्यमान हैं। घरेलू उद्योग ने उल्लेख किया है कि यदि उत्तरदाता चीनी उत्पादक यह दर्शाने में असमर्थ हैं कि उनकी लागत और कीमत संबंधी सूचना बाजार-आधारित है, तो सामान्य मूल्य की गणना नियमावली के अनुबंध-I के पैरा 7 और 8 के प्रावधानों के अनुसार की जानी चाहिए।

38. यह नोट किया जाता है कि धारा 15 (क) (ii) में निहित प्रावधान 11.12.2016 को समाप्त हो गए हैं, तथापि अभिगम नयाचार की धारा 15 (क) (i) के तहत दायित्व के साथ पठित डब्ल्यूटीओ पाटनरोधी करार के अनुच्छेद 2.2.1.1 के तहत प्रावधान मेंबाजार अर्थव्यवस्था व्यवहार का दावा करने संबंधी पूरक प्रश्नावली में दिए जाने के लिए सूचखा/आंकड़ों के माध्यम से संतुष्ट होने हेतु, नियमावली के अनुबंध I के पैराग्राफ 8 में निर्धारित मानदंड अपेक्षित हैं, को बाजार अर्थव्यवस्था उपचार का दावा करने पर पूरक प्रश्नावली में प्रदान की जाने वाली जानकारी/आंकड़ों के माध्यम से पूरा किया जाना आवश्यक है। यह नोट किया जाता है कि चूंकि चीन जन.गण.के उत्तरदाता उत्पादकों/निर्यातकों ने पूरक प्रश्नावली का उत्तर दायर नहीं किया है, इसलिए सामान्य मूल्य गणना नियमावली के अनुबंध I के पैराग्राफ 7 के प्रावधानों के अनुसार की जानी आवश्यक है।

39. चूंकि चीन जन.गण. के किसी भी उत्पादक ने अपने आंकड़ों/सूचना के आधार पर सामान्य मूल्य के निर्धारण का दावा नहीं किया है, अत: सामान्य मूल्य नियमावली के अनुबंध-I के पैरा 7 के अनुसार निर्धारित किया गया है, जो निम्नलिखित रूप में पठित है:

> *"7. गैर बाजार अर्थव्यवस्था वाले देशों से आयातों के मामले में सामान्य मूल्य बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश में कीमत अथवा निर्मित मूल्य, अथवा भारत या जहां यह संभव नहीं है, वहां सहित तीसरे देश से अन्य देशों*

से कीमत अथवा अन्य किसी उपयुक्त आधार, जिसमें आवश्यक होने पर विधिवत समायोजित समान उत्पाद के लिए भारत में वास्तव में प्रदत्त अथवा देय कीमत शामिल है, उपयुक्त लाभ मार्जिन शामिल करने के लिए, के आधार पर निर्धारित किया जाएगा। उपयुक्त बाजार अर्थव्यवस्था वाला तीसरा देश संबंधित देश के विकास और प्रश्नगत उत्पाद के मद्देनजर उपयुक्त तरीके में निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा चुना जाएगा और चयन के समय उपलबध कराई गई किसी विश्वसनीय सूचना पर उचित ध्यान दिया जाएगा। किसी अन्य बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश के संबंध में किसी समान मामले में की गई जांच की समय सीमाओं, जहा लागू हो, के भीतर भी ध्यान दिया जाएगा। जांच से संबंधित पक्षकार कारों को बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश के उपर्युक्त चयन से किसी अपर्याप्त विलंब के बिना सूचित किया जाएगा और उनकी टिप्पणियां देने के लिए उपयुक्त समयावधि दी जाएगी।"

40. प्राधिकारी नोट करते हैं कि किसी भी हितबद्ध पक्षकार ने किसी उपयुक्त बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश में उत्पाद के घरेलू मूल्य, निर्मित मूल्य या निर्यात कीमत के संबंध में कोई सूचना प्रदान नहीं की है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि हितबद्ध पक्षकारों द्वारा रिकॉर्ड में लाई गई सूचना और साक्ष्य के आधार पर उपयुक्त देश का चयन करना आवश्यक है। चूँकि न तो घरेलू उद्योग और न ही हितबद्ध पक्षकारों ने कोई सत्यापन योग्य सूचना प्रदान की है, इसलिए इस आधार पर सामान्य मूल्य निर्धारित नहीं किया जा सका।

41. प्राधिकारी ने समान वस्तु के लिए भारत में वास्तव में भुगतान की गई या देय कीमत के आधार पर चीन चीन जन.गण. के लिए सामान्य मूल्य निर्धारित किया है। सामान्य मूल्य का निर्धारण भारत में उत्पादन लागत, बिक्री, सामान्य एवं प्रशासनिक व्यय, और उचित लाभ को जोड़ने के बाद, को ध्यान में रखते हुए किया गया है। माने गए पीसीएन के मद्देनजर, प्राधिकारी ने पीसीएन-वार सामान्य मूल्य निर्धारित किया है।

च.3.2 चीन जन.गण. के लिए निर्यात कीमत

i. <u>शांक्सी सिनोकेम लांटियन न्यू केमिकल मैटेरियल कंपनी लिमिटेड</u>

42. शांक्सी सिनोकेम लांटियन न्यू केमिकल मैटेरियल कंपनी लिमिटेड विचाराधीन उत्पाद का एक उत्पादक है और उसने प्रश्नावली का उत्तर दायर किया है। उत्पादक ने जाँच की अवधि के दौरान भारत को विचाराधीन उत्पाद के निर्यात के रूप में *** अमेरिकी डॉलर मूल्य के ***एमटी की सूचना दी है।

43. उत्पादक/निर्यातक ने निर्यात कीमत में विभिन्न समायोजनों का दावा किया है। प्राधिकारी ने उत्पादक द्वारा प्रदान की गई सूचना का डेस्क सत्यापन किया। आवश्यक मानी गई सीमा तक अतिरिक्त/पूरक सूचना मांगी गई थी। इस प्रकार निर्धारित निवल निर्यात कीमत नीचे दी गई तालिका में दर्शाई गई है।

ii. <u>सिनोकेम एनवायरनमेंटल प्रोटेक्शन केमिकल्स (टीएआईसीएएनजी) कंपनी लिमिटेड</u>

44. सिनोकेम एनवायरनमेंटल प्रोटेक्शन केमिकल्स (टीएआईसीएएनजी) कंपनी लिमिटेड विचाराधीन उत्पाद का एक उत्पादक है और उसने प्रश्नावली का उत्तर दायर किया है। उत्पादक ने जाँच अवधि के दौरान भारत को विचाराधीन उत्पाद के निर्यात के रूप में *** अमेरिकी डॉलर मूल्य के ***एमटी की सूचना दी है।

45. उत्पादक/निर्यातक ने निर्यात कीमत में विभिन्न समायोजनों का दावा किया है। प्राधिकारी ने उत्पादक द्वारा प्रदान की गई सूचना का डेस्क सत्यापन किया। आवश्यक समझी गई सीमता तक अतिरिक्त/पूरक सूचना मांगी गई। इस प्रकार निर्धारित निवल निर्यात कीमत नीचे दी गई तालिका में दर्शाई गई है।

iii. <u>शेडोंग डोंग्यू रेफ्रिजरेंट्स कंपनी लिमिटेड</u>

46. शेडोंग डोंग्यू रेफ्रिजरेंट्स कंपनी लिमिटेड विचाराधीन उत्पाद का एक उत्पादक है और उसने प्रश्नावली का उत्तर दायर किया है। उत्पादक ने जाँच की अवधि के दौरान भारत को विचाराधीन उत्पाद के निर्यात के रूप में *** अमेरिकी डॉलर मूल्य के ***एमटी की सूचना दी है। उत्पादक ने दावा किया है कि उसने उत्पाद का निर्यात सीधे भारत को किया है।

47. उत्पादक ने निर्यात कीमत में विभिन्न समायोजनों का दावा किया है। प्राधिकारी ने उत्पादक द्वारा प्रदान की गई सूचना का डेस्क सत्यापन किया। आवश्यक समझी गई

सीमा तक अतिरिक्त/पूरक सूचना मांगी गई। इस प्रकार निर्धारित निवल निर्यात कीमत नीचे दी गई तालिका में दर्शाई गई है।

iv. <u>झेजियांग सानमेई केमिकल इंडस्ट्रीज़ कंपनी लिमिटेड</u>

48. झेजियांग सानमेई केमिकल इंडस्ट्रीज़ कंपनी लिमिटेड विचाराधीन उत्पाद का एक उत्पादक है और उसने प्रश्नावली का उत्तर दायर किया है। उत्पादक ने जाँच की अवधि के दौरान भारत को विचाराधीन उत्पाद के निर्यात के रूप में *** अमेरिकी डॉलर मूल्य के ***एमटी की सूचना दी है। उत्पादक ने दावा किया है कि उसने उत्पाद का सीधे और साथ ही जियांग्सू सैनमेई केमिकल इंडस्ट्रीज़ कंपनी लिमिटेड के माध्यम से निर्यात किया है।

49. उत्पादक/निर्यातक ने निर्यात कीमत में विभिन्न समायोजनों का दावा किया है। प्राधिकारी ने उत्पादक द्वारा प्रदान की गई सूचना का डेस्क सत्यापन किया। आवश्यक समझी गई सीमा तक अतिरिक्त/पूरक सूचना मांगी गई। इस प्रकार निर्धारित निवल निर्यात कीमत नीचे दी गई तालिका में दर्शाई गई है।

v. <u>रुयुआन डोंगयांगगुआंग फ्लोरीन कंपनी लिमिटेड</u>

50. रुयुआन डोंगयांगगुआंग फ्लोरीन कंपनी लिमिटेड विचाराधीन उत्पाद का एक उत्पादक है और उसने प्रश्नावली का उत्तर दायर किया है। उत्पादक ने जाँच की अवधि के दौरान भारत को विचाराधीन उत्पाद के निर्यात के रूप में *** अमेरिकी डॉलर मूल्य के ***एमटी की सूचना दी है। उत्पादक ने दावा किया है कि उसने हांगकांग ईगल मशीनरी एंड टेक्नोलॉजी कंपनी लिमिटेड और सिनोटक केमिकल्स कंपनी लिमिटेड के माध्यम से उत्पाद का निर्यात किया है।

51. उत्पादक/निर्यातक ने निर्यात कीमत में विभिन्न समायोजनों का दावा किया है। प्राधिकारी ने उत्पादक द्वारा प्रदान की गई सूचना का डेस्क सत्यापन किया। आवश्यक समझी गई सीमा तक अतिरिक्त/पूरक सूचना मांगी गई। इस प्रकार निर्धारित निवल निर्यात कीमत नीचे दी गई तालिका में दर्शाई गई है।

vi. <u>ज़िबो फ़ेयुआन केमिकल कंपनी लिमिटेड</u>

52. ज़िबो फ़ेयुआन केमिकल कंपनी लिमिटेड विचाराधीन उत्पाद का एक उत्पादक है और उसने प्रश्नावली का उत्तर दायर किया है। उत्पादक ने जाँच की अवधि के दौरान भारत को विचाराधीन उत्पाद के निर्यात के रूप में *** अमेरिकी डॉलर मूल्य के ***एमटी की सूचना दी है। उत्पादक ने दावा किया है कि उसने उत्पाद का सीधे भारत को निर्यात किया है।

53. उत्पादक ने निर्यात की में विभिन्न समायोजनों का दावा किया है। प्राधिकारी ने उत्पादक द्वारा प्रदान की गई सूचना का डेस्क सत्यापन किया। आवश्यक समझी गई सीमा तक अतिरिक्त/पूरक सूचना मांगी गई। इस प्रकार निर्धारित निवल निर्यात कीमत नीचे दी गई तालिका में दर्शाई गई है।

vii. चीन जन.गण. के सभी असहयोगी उत्पादकों/निर्यातकों के लिए निर्यात कीमत

54. चीन के अन्य असहयोगी उत्पादकों/निर्यातकों के लिए निर्यात कीमत नियमावली के नियम 6(8) के अनुसार उपलब्ध तथ्यों के आधार पर निर्धारित की गई है।

च.3.3 <u>चीन जन.गण. के लिए पाटन मार्जिन</u>

55. वर्तमान जांच में निर्धारित सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन निम्नानुसार हैं:

क्र.	उत्पादक का नाम	सामान्य मूल्य	निर्यात कीमत	पाटन मार्जिन	पाटन मार्जिन	पाटन मार्जिन
		(यूएसडॉ./ एमटी)	(यूएसडॉ./ एमटी)	(यूएसडॉ./ एमटी)	(%)	(रेंज)
1	शानक्सी सिनोकेम लांटियन न्यू केमिकल मटेरियल कंपनी लिमिटेड	***	***	***	***	30-40
2	सिनोकेम एनवायरनमेंटल प्रोटेक्शन केमिकल्स (टीएआईसीएएनजी) कंपनी लिमिटेड	***	***	***	***	30-40
3	शांदोंग डोंग्यू रेफ्रिजरेंट्स	***	***	***	***	20-30%

	कंपनी लिमिटेड					
4	झेजियांग सानमेई केमिकल इंडस्ट्रीज़ कंपनी लिमिटेड और जियांग्सू सानमेई केमिकल इंडस्ट्रीज़ कंपनी लिमिटेड	***	***	***	***	20-30
5	रुयुआन डोंगयांगगुआंग फ्लोरीन कंपनी लिमिटेड	***	***	***	***	30-40
6	ज़िबो फेइयुआन केमिकल कंपनी लिमिटेड	***	***	***	***	20-30
7	कोई अन्य उत्पादक	***	***	***	***	55-65%

छ. <u>क्षति और कारणात्मक संपर्क की जांच</u>

छ.1 अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध

56. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने क्षति और कारणात्मक संपर्क के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

i. आयातों में वृद्धि के बावजूद, घरेलू बिक्री कीमत में 15% तक वृद्धि हुई है। कोई कीमत न्यूनीकरण या ह्रास नहीं है क्योंकि घरेलू बिक्री कीमत में वृद्धि हुई है।

ii. निर्यात बिक्री में 11% की गिरावट आई, जिससे पता चलता है कि कोई भी वित्तीय दबाव आयात प्रतिस्पर्धा के बजाय निर्यात अवसरों में कमी के कारण था।

iii. घरेलू उद्योग को हानियां मुख्य रूप से मजदूरी में 47% की वृद्धि, ब्याज लागत में 98% की वृद्धि और क्षमता में कोई वृद्धि नहीं होने के बावजूद मूल्यह्रास में 20% की वृद्धि के कारण हुए हैं।

iv. कार्यशील पूंजी और ब्याज लागत में नियोजित पूंजी के साथ-साथ पर्याप्त वृद्धि हुई है, जो आंकड़े रिपोर्टिंग में आंतरिक या असंगतताओं को दर्शाती है।

v. क्षति रहित कीमत की गणना के लिए प्राधिकारी द्वारा नियोजित पूंजी पर 22% आय को लगातार अपनाना बढ़ा-चढ़ाकर बताया गया है और वर्तमान आर्थिक स्थितियों या नियमावली के तहत कानूनी ढांचे के अनुरूप नहीं है। ब्रिजस्टोन टायर्स और ह्योसंग कारपोरेशन ने माना है कि ऐसी आय क्षति विश्लेषण को विकृत करती है।

vi. वित्तीय वर्ष 2020-21 से 2022-23 को क्षति अवधि में शामिल करना त्रुटिपूर्ण है क्योंकि इस अवधि में किगाली संशोधन के कारण आयात में असामान्य वृद्धि देखी गई।

vii. मॉन्ट्रियल नयाचार में किगाली संशोधन एचएफसी को चरणबद्ध तरीके से कम करने का आदेश देता है। चीन के पास 2020-2022 के आधार वर्ष थे, जिसके दौरान उसने उच्च भविष्य के कोटा सुरक्षित करने के लिए उत्पादन में वृद्धि की। इसके कारण भारत सहित अन्य देशों को अत्यधिक निर्यात हुआ, जो पाटन के कारण नहीं बल्कि पर्यावरणीय दायित्वों को पूरा करने के लिए था।

viii. उत्पाद की कीमत और इसके मुख्य कच्चे माल, फ्लोरस्पार, जो उत्पादन लागत का 70% हिस्सा है, के बीच एक विपरीत संबंध मौजूद है। फ्लोरस्पार की कीमतों में गिरावट के बावजूद, आर134ए की कीमत में वृद्धि हुई है, जिसका मुख्य कारण किगाली संशोधन द्वारा लगाए गए आपूर्ति प्रतिबंध हैं।

ix. घरेलू उद्योग के उत्पादन में गिरावट मुख्य रूप से मांग में गिरावट के कारण हुई, न कि पाटित आयातों के कारण।

x. यह देखते हुए कि चीन ने अब अपना एचएफसी उत्पादन कोटा सुरक्षित कर लिया है, सीमित स्वीकार्य वैश्विक आपूर्ति के कारण घरेलू मांग को प्राथमिकता देते हुए, इसके उत्पादन और निर्यात में आगे चलकर गिरावट आने की उम्मीद है।

xi. विचाराधीन उत्पाद का उपयोग ओईएम और बिक्री-पश्चात दोनों क्षेत्रों में किया जाता है, जहां घरेलू उद्योग के पास पहले से ही क्रमशः 100% और 40-50% बाजार हिस्सेदारी है।

xii. घरेलू उद्योग ने स्वीकार किया कि उसे वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान कई बार शटडाउन का सामना करना पड़ा, जिसमें कोविड-19 लॉकडाउन के कारण तीन महीने

का पूर्ण शटडाउन, साथ ही कम मांग और मालसूची निर्माण के कारण अन्य नियोजित और अनियोजित रुकावटें शामिल हैं।

xiii. महामारी और उससे जुड़े आर्थिक व्यवधानों के कारण उत्पादकता कम हुई और वैश्विक बाजार में अस्थिरता आई, जिसने क्षति अवधि के दौरान हुई किसी भी क्षति में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

xiv. यह क्षति घरेलू उद्योग के अपने कार्यनीतिक निर्णयों का भी परिणाम है, जिसमें नई उत्पादन सुविधाओं में निवेश और उत्पाद रेंज और गुणवत्ता में सीमाएं शामिल हैं।

xv. वर्तमान जांच में जांच की अवधि के बाद की अवधि संगत है क्योंकि आयात मात्रा में गिरावट आई है और आयात कीमत में वृद्धि हुई है। घरेलू उद्योग पर चीन से आयात कीमत का कोई प्रभाव नहीं पड़ा है क्योंकि जांच की अवधि के दौरान कीमत 3.46 डॉलर प्रति किलोग्राम से बढ़कर मई 2025 तक 5.47 डॉलर प्रति किलोग्राम हो गई है।

xvi. जांच की अवधि के बाद चीन से आयात कीमत जापान, अमेरिका और ब्रिटेन जैसे अन्य देशों से आयात कीमत की तुलना में काफी अधिक थी।

xvii. दावा की गई क्षति को केवल आयात से नहीं जोड़ा जा सकता, क्योंकि कई आंतरिक कारकों ने घरेलू उद्योग के निष्पादन को प्रभावित किया है, जैसे पुरानी प्रौद्योगिकी, घटिया कच्चे माल पर निर्भरता, बढ़ती मजदूरी, भौगोलिक अदक्षताओं, खराब वित्तीय प्रबंधन, निर्यात निष्पादन में गिरावट के बावजूद कम उत्पादकता।

xviii. अतीत में पाटनरोधी शुल्क लगाए जाने के बावजूद, घरेलू उद्योग ने प्रतिस्पर्धात्मकता में उल्लेखनीय सुधार नहीं दिखाया है।

xix. पाटन के लंबे इतिहास, चीनी निर्यातकों द्वारा बाजार पर कब्जा और चीन में अतिरिक्त क्षमता के दावों को खारिज किया जाना चाहिए। वर्तमान जाँच का विश्लेषण केवल जाँच अवधि के आंकड़ों पर आधारित होना चाहिए, न कि पिछले आंकड़ों पर।

xx. किगाली संशोधन का मुद्दा असंगत है। चीन के लिए आधार अवधि तीन वर्षों अर्थात 2020, 2021 और 2022 को कवर करती है। 2022-23 के दौरान आयात में वृद्धि अधिक माँग के कारण है, न कि चीनी उत्पादन में किसी उछाल के कारण।

xxi. केवल अधिशेष क्षमता क्षति का खतरा सिद्ध नहीं करती। इंडियन स्पिनर्स एसोसिएशन बनाम निर्दिष्ट प्राधिकारी मामले में यह पुष्टि की गई है कि केवल अधिशेष क्षमता ही शुल्कों को उचित ठहराने के लिए अपर्याप्त है। भारत की अपनी माँग बढ़ रही है और घरेलू क्षमता सीमित है, इसलिए आयात आवश्यक बना रहेगा।

xxii. चीनी उत्पादकों ने उच्च कोटा हासिल करने के लिए आधार रेखा वर्षों में उत्पादन बढ़ाया, जिससे निर्यात में अस्थायी वृद्धि हुई। चीन से आयात में गिरावट आने की उम्मीद है क्योंकि चीन अपनी घरेलू आवश्यकताओं को प्राथमिकता देता है।

xxiii. अमेरिका और यूरोपीय संघ पर्यावरणीय चिंताओं के कारण इस उत्पाद को चरणबद्ध तरीके से समाप्त कर रहे हैं, जबकि एक विकासशील देश के रूप में भारत को बढ़ती माँग को देखते हुए इस उत्पाद का आयात करने की आवश्यकता है और वह इसके प्रतिस्थापनों में नहीं जा सकता।

xxiv. उत्पादन और माँग के संबंध में आयात केवल 2022-23 में बढ़ा, लेकिन पिछले वर्ष और जाँच की अवधि में इसमें गिरावट आई। इसलिए, एक असामान्य वर्ष पर निर्भरता गलत है।

xxv. जाँच की अवधि में उत्पादन और क्षमता उपयोग में गिरावट कम माँग और निर्यात बिक्री में गिरावट के कारण हुई। घरेलू उद्योग की घरेलू बिक्री में वृद्धि हुई है।

xxvi. यद्यपि संबद्ध आयातों की बाजार हिस्सेदारी में गिरावट आई है, तथापि जांच की अवधि में घरेलू उद्योग की बाजार हिस्सेदारी में वृद्धि हुई है।

xxvii. घरेलू उद्योग के पास माल सूची में मामूली वृद्धि हुई। यह वृद्धि निर्यात बिक्री में गिरावट के कारण हुई। आधार वर्ष की तुलना में जांच की अवधि में घरेलू उद्योग के पास माल सूची में गिरावट आई है।

xxviii. घरेलू उद्योग को उच्च निर्यात लाभ प्राप्त हुआ, फिर भी जांच की अवधि में इसकी निर्यात बिक्री में गिरावट आई।

xxix. घरेलू उद्योग को हुई हानि मांग और निर्यात बिक्री में कमी के कारण हुई है। इस गिरावट के कारण क्षमता उपयोग में कमी आई है, जिसका उत्पादन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है और निर्धारित लागतों में वृद्धि हुई है।

xxx. घरेलू उद्योग अतिरिक्त उत्पादन में लिप्त होने और चीन जैसा ही करने का प्रयास कर रहा है क्योंकि भारत का आधार वर्ष 2024-26 है।

xxxi. घरेलू उद्योग ने चीन में अतिरिक्त क्षमता का दावा करते समय पुराने आंकड़ों पर भरोसा किया है और इसमें विभिन्न उत्पादों की क्षमता संबंधी सूचना शामिल है।

xxxii. आर134ए की उत्पादन क्षमता विशेष रूप से अपरिवर्तित रही है और इसका कोई आक्रामक विस्तार नहीं हुआ है। अकेले संस्थापित क्षमता को निर्यात या पाटन के बराबर नहीं माना जा सकता।

xxxiii. प्रत्येक पाटनरोधी जांच का अलग क्षेत्राधिकार होता है और यह विशिष्ट देश की विशिष्ट बाजार स्थितियों, कानूनी मानकों और क्षति मापदंडों पर आधारित होता है।

xxxiv. अन्य देशों द्वारा लगाए गए उपाय अलग-अलग समयावधियों से संबंधित हैं, और कुछ मामलों में, अलग-अलग उत्पाद, जैसे कि शुद्ध आर134ए के बजाय मिश्रण, उन्हें अतुलनीय बनाते हैं।

xxxv. संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा लगाया गया अतिरिक्त 25% शुल्क धारा 301 के तहत एक व्यापार नीति कार्रवाई है और यह पाटनरोधी या क्षति परिणामों से असंबद्ध है।

छ.2 घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

57. घरेलू उद्योग ने क्षति और कारणात्मक संपर्क के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

i. पिछले उपायों के बावजूद, चीनी उत्पादकों ने पाटन तेज कर दिया है। समय के साथ, चीनी उत्पादकों का पाटन मार्जिन 2021 में 35-55% से बढ़कर 125-135% हो गया है।

ii. मॉन्ट्रियल नयाचार में किगाली संशोधन विकसित और विकासशील देशों के लिए अलग-अलग समय-सीमा के साथ एचएफसी को चरणबद्ध तरीके से कम करने का आदेश देता है। समूह 1 के अंतर्गत वर्गीकृत चीन की आधार अवधि 2020-2022 है और उसे

2029 में कटौती शुरू करनी होगी, जबकि भारत (समूह 2) की आधार अवधि 2024-2026 है, जिसमें कटौती 2032 से शुरू होगी।

iii. 2022 में, चीन की आधार रेखा के अंतिम वर्ष में, चीन जन.गण. से आयात में तेजी से वृद्धि हुई क्योंकि भविष्य में अनुमेय उत्पादन को सुरक्षित करने के लिए आर-134ए का उत्पादन बढ़ा। इसके परिणामस्वरूप भारतीय आयात में 2021-22 में 1,294 एमटी से 2022-23 में 8,000 एमटी तक की नाटकीय वृद्धि हुई, जिससे भारत के घरेलू उद्योग के लिए एक गंभीर खतरा पैदा हो गया।

iv. चीनी उत्पादकों ने दावा किया है कि किगाली संशोधन के कारण क्षति अवधि में आयात में वृद्धि हुई है। भविष्य के एचएफसी कोटा के लिए उच्च आधार रेखा लेने के लिए चीनी उत्पादकों ने अपना उत्पादन बढ़ाया और अब अपने उत्पाद को कम कीमतों पर निर्यात कर रहे हैं।

v. चीनी उत्पादकों के पास आर-134ए के लिए पर्याप्त अधिशेष क्षमता है। वर्तमान में चीन में उत्पादकों के पास 335,000 एमटी की क्षमता है, जो भारत में मांग से लगभग 17 गुना अधिक है।

vi. यूएसआईटीसी और डीजीटीआर ने लगातार चीनी उत्पादकों के पास अधिशेष क्षमता को स्वीकार किया है। यदि शुल्क नहीं लगाया जाता है, तो चीनी उत्पादक भारतीय बाजार में और अधिक आयात करेंगे।

vii. सिनोकैम एनवायरनमेंटल प्रोटेक्शन केमिकल्स (टीएआईसीएएनजी) कंपनी लिमिटेड और शानक्सी सिनोकैम लांटियन न्यू केमिकल मटेरियल कंपनी लिमिटेड ने स्वीकार किया है कि 2022-23 के दौरान चीन से आयात में तेज वृद्धि चीन द्वारा किगाली संशोधन को स्वीकार करने के कारण हुई।

viii. 2022-23 में आयात असामान्य था और इसलिए, आयात मात्रा की तुलना 2020-21 और 2021-22 में दर्ज की गई मात्रा से की जा सकती है।

ix. यूरोपीय संघ और अमेरिका जैसे प्रमुख बाजारों में कड़े विनियामक उपायों के कारण आर-134ए की वैश्विक मांग में गिरावट आई है, जिन्होंने उच्च ग्लोबल वार्मिंग क्षमता के कारण एचएफसी के उपयोग को चरणबद्ध तरीके से कम कर दिया है या प्रतिबंधित

कर दिया है। परिणामस्वरूप, गिरती मांग के बीच चीनी उत्पादकों के पास अधिशेष क्षमता बची हुई है।

x. चीन की पहले की किगाली चरणबद्ध कटौती समय-सीमा (2029 से शुरू होने वाली कटौती) और उसके उच्च उत्पादन स्तर को देखते हुए, इस अतिरिक्त उत्पादन को भारत जैसे बाजारों में पुन: भेजा जा रहा है। पाटनरोधी शुल्क के बिना, भारत इस अधिशेष के लिए पाटन आधार बनने का जोखिम उठाता है, जिससे उसके घरेलू उद्योग को गंभीर नुकसान होता है।

xi. चीनी उत्पादकों को अन्य देशों में भी पाटनरोधी शुल्क का सामना करना पड़ा है। अमेरिका ने 2017 में शुल्क लगाया और 2022 में शुल्क बढ़ा दिया। अर्जेंटीना ने भी 2020 में चीन से एचएफसी मिश्रण पर 7% शुल्क लगाया। अन्य देशों द्वारा किए गए उपाय स्पष्ट रूप से चीनी उत्पादकों के पाटन पैटर्न को दर्शाते हैं।

xii. 2020-21 और 2021-22 में चीन जन.गण. से आयात 1862 एमटी था और 2022-23 में 1294 एमटी नाटकीय रूप से बढ़कर 7909 एमटी हो गया।

xiii. आधार वर्ष की तुलना में जांच की अवधि में चीन जन.गण. से आयात मूल्य में लगभग 200% की वृद्धि हुई है। आयात का मूल्य 47 करोड़ रुपये से बढ़कर 140 करोड़ रुपये हो गया है।

xiv. उत्पादन और खपत के संबंध में संबद्ध देश से आयात में वृद्धि हुई है।

xv. उत्पाद की लंबी शेल्फ लाइफ को देखते हुए, 2022-23 के दौरान अतिरिक्त आयात उस अवधि में बाजार द्वारा पूरी तरह से नहीं लिए गए थे, लेकिन बाद की अवधि में खपत किए जाते रहे।

xvi. संबद्ध देश से आयात की पहुंच कीमत आवेदक की बिक्री कीमत से काफी कम थी। इस प्रकार, कीमत कटौती सकारात्मक है। आयात कीमत पीसीएन आधार पर भी बिक्री कीमत से कम है।

xvii. 2021-22 में, बिक्री की लागत और बिक्री कीमत, दोनों में वृद्धि हुई, जिसमें बिक्री कीमत लागत की तुलना में काफी अधिक बढ़ी, जिसके परिणामस्वरूप लाभप्रदता में सुधार हुआ।

xviii. 2022-23 में, जबकि बिक्री की लागत लगभग *** रुपये प्रति एमटी तक बढ़ी, बिक्री कीमत में केवल *** रुपये प्रति एमटी तक की वृद्धि हुई, जिससे आवेदक की लाभप्रदता में तेज गिरावट आई। यह आयात में असामान्य वृद्धि की अवधि थी।

xix. जांच की अवधि के दौरान, बिक्री की लागत में *** रुपये प्रति एमटी तक की गिरावट आई, लेकिन बिक्री कीमत में *** रुपये प्रति एमटी तक की और गिरावट आई। इसलिए, आयातों का आवेदक की कीमतों पर ह्रासमान प्रभाव पड़ता है।

xx. संस्थापित क्षमता स्थिर रही और पूरे देश की मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त थी। तथापि, कम कीमत वाले आयातों के कारण, आवेदक ने ***% अप्रयुक्त क्षमता से प्रचालन किया।

xxi. आवेदक का उत्पादन 2021-22 में बढ़ा और 2022-23 में और बढ़ा। तथापि, जाँच की अवधि में इसमें गिरावट आई। कम कीमत वाले आयातों के कारण, आवेदक अपनी क्षमता का पूर्ण उपयोग नहीं कर पाया।

xxii. घरेलू बिक्री मात्रा में 10% की वृद्धि के बावजूद, आवेदक के बिक्री राजस्व में गिरावट आई, जिससे पता चलता है कि आवेदक को अपने ग्राहक आधार को बनाए रखने के लिए लाभप्रदता से समझौता करना पड़ा।

xxiii. चीन की बाजार हिस्सेदारी 2021-22 में घटी और 2022-23 में बढ़ी, हालाँकि जाँच की अवधि के दौरान इसमें गिरावट आई। अन्य देशों की बाजार हिस्सेदारी 2021-22 में 32% से घटकर जाँच की अवधि में 2% हो गई।

xxiv. जाँच की अवधि में आवेदक की बाजार हिस्सेदारी बढ़ी है। पूरी माँग को पूरा करने की क्षमता होने के बावजूद, आवेदक केवल ***% ही हासिल कर पाया।

xxv. आवेदक का लाभ 2021-22 में बढ़ा, लेकिन 2022-23 में आयात में वृद्धि के साथ इसमें भारी गिरावट आई और जाँच की अवधि के दौरान यह और बिगड़ गया। आवेदक को लागत से कम पर बेचने के लिए मजबूर होना पड़ा, अंततः लाभ घाटे में बदल गया।

xxvi. आधार वर्ष के साथ-साथ पिछले वर्ष की तुलना में जाँच की अवधि में नकद लाभ में लगभग 55% की गिरावट आई। इसी अवधि में पीबीआईटी में भी 65% की भारी

गिरावट आई। आवेदक ने जांच की अवधि में सबसे कम पीबीआईटी और नकद लाभ दर्ज किया।

xxvii. आवेदक को घरेलू बाजार में हानियों का सामना करना पड़ा है, लेकिन वह अमेरिका, यूएई और ताइवान जैसे देशों को निर्यात से पर्याप्त लाभ अर्जित करता है, जो दर्शाता है कि घरेलू क्षति वैश्विक कीमत निर्धारण के कारण नहीं है।

xxviii. आवेदक ने मात्रा और मूल्य मापदंडों में नकारात्मक वृद्धि दर्ज की।

xxix. आवेदक ने निर्यात में अधिक लाभ अर्जित किया, जबकि घरेलू बाजार में उसे घाटा हुआ, निर्यात निष्पादन वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता को दर्शाता है। इसलिए, निर्यात क्षति का कारण नहीं है।

xxx. निवल अचल संपत्तियों में वृद्धि का अर्थ आवश्यक रूप से उत्पादन क्षमता में वृद्धि नहीं है, क्योंकि अचल संपत्तियों में वृद्धि का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बॉयलर और चिलर जैसे अन्य आवश्यक घटकों से संबंधित हो सकता है, जो क्षमता में वृद्धि नहीं करते हैं।

xxxi. नियोजित पूंजी में निवल अचल परिसंपत्तियां और कार्यशील पूंजी शामिल होती है, और वर्तमान मामले में, आवेदक की निवल अचल परिसंपत्तियों में वास्तव में इस अवधि में गिरावट आई है, जबकि बिक्री के स्तर में भिन्नता रही है। कार्यशील पूंजी की आवश्यकताएं भुगतान और प्राप्य नीतियों, मालसूची, कच्चे माल की खरीद और अल्पकालिक वित्तपोषण जैसे कारकों से प्रभावित होती हैं, और किसी भी उत्पाद की क्षमता से सीधे जुड़ी नहीं होती हैं।

xxxii. आवेदक 2022-23 तक लाभदायक रहा, केवल चीन जन.गण. से पाटित आयातों की कीमतों में गिरावट के कारण जांच की अवधि के दौरान घाटा दर्ज किया। यदि आंतरिक कारक कारण होते, तो क्षति अवधि के दौरान लगातार घाटा होता, जो कि स्थिति नहीं है।

xxxiii. नियमावली के अनुसार प्राधिकारी को अन्य कारकों के प्रभाव को तभी अलग करना होगा जब हितबद्ध पक्षकार उनकी पहचान करें, साक्ष्य प्रदान करें, निष्पादन पर उनके प्रभाव को सिद्ध करें, और प्रभाव की मात्रा निर्धारित करें। ऐसा कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया है।

xxxiv. संयंत्र बंद होना नेमी है और इससे प्रचालन प्रभावित नहीं हुए हैं, क्योंकि 2020-21 और 2021-22 की तुलना में जांच की अवधि में उत्पादन में वृद्धि हुई।

xxxv. महामारी का आर्थिक प्रभाव 2020-21 तक सीमित था। आवेदक के निष्पादन में 2021-22 में उचित लाभ के साथ सुधार हुआ, लेकिन 2022-23 में पाटित आयातों में वृद्धि के कारण तेजी से गिरावट आई, जिसके परिणामस्वरूप जांच की अवधि के दौरान हानियां हुई। इसलिए, क्षति को कोविड-19 के कारण नहीं माना जा सकता है।

xxxvi. आवेदक के उत्पाद अंतर्राष्ट्रीय मानकों को पूरा करते हैं और संयुक्त राज्य अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात और ताइवान जैसे बाजारों में निर्यात किए जाते हैं।

xxxvii. जांच की अवधि के बाद की अवधि मूल जांच से कोई संगतता नहीं रखती है, क्योंकि प्राधिकारी ने जांच की अवधि के रूप में 12 महीने माने हैं, जो किसी भी अस्थायी घटना को विकृत करने के लिए पर्याप्त है। मेट्रोनिडाजोल मामले में, जांच की अवधि के बाद की जांच केवल इसलिए की गई क्योंकि आवेदक ने छह महीने की जांच की अवधि मांगी थी।

xxxviii. जांच की अवधि के बाद, चीन से आयात में मामूली गिरावट आई है। यद्यपि आयात कीमत में वृद्धि हुई है, तथापि वह अन्य देशों से आयात कीमत से काफी कम रही।

छ.3 प्राधिकारी द्वारा जाँच

58. नियमावली के अनुबंध-11 के साथ पठित नियम 11 में यह प्रावधान है कि क्षति निर्धारण में उन कारकों की जाँच शामिल होगी जो घरेलू उद्योग को क्षति का संकेत दे सकते हैं, "... *सभी प्रासंगिक तथ्यों को ध्यान में रखते हुए, जिसमें पाटित आयातों की मात्रा, समान वस्तुओं के लिए घरेलू बाजार में कीमतों पर उनका प्रभाव और ऐसी वस्तुओं के घरेलू उत्पादकों पर ऐसे आयातों का परिणामी प्रभाव शामिल है।*" कीमतों पर पाटित आयातों के प्रभाव पर विचार करते समय, यह जाँच करना आवश्यक समझा जाता है कि क्या भारत में समान वस्तु की कीमत की तुलना में पाटित आयातों द्वारा कीमतों में उल्लेखनीय कमी आई है, या क्या ऐसे आयातों का प्रभाव कीमतों को उल्लेखनीय रूप से कम करना या कीमतों में ऐसी वृद्धि को रोकना है,

जो अन्यथा काफी बढ़ गई होती। भारत में घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों के प्रभाव की जाँच के लिए, उद्योग की स्थिति को प्रभावित करने वाले संकेतकों जैसे उत्पादन, क्षमता उपयोग, बिक्री मात्रा, मालसूची, लाभप्रदता, निवल बिक्री प्राप्ति, पाटन की मात्रा और मार्जिन आदि पर नियमावली के अनुबंध II के अनुसार विचार किया गया है।

59. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने दावा किया है कि घरेलू उद्योग की बिक्री लागत फ्लोरस्पार की कीमत के अनुरूप नहीं रही है, जिसका उत्पाद लागत में 70% हिस्सा है। प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग के आंकड़ों की जाँच की है। उन्होंने पाया कि फ्लोरस्पार की लागत दावा किए गए हिस्से से काफी कम है। अन्य कच्ची सामग्री की लागत में भी उतार-चढ़ाव आया है और केवल फ्लोरस्पार की लागत पर निर्भर रहना अनुचित होगा।

60. प्राधिकारी ने आवेदक सहित हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत विभिन्न अनुरोधों पर ध्यान दिया है और रिकार्ड में उपलब्ध तथ्यों और लागू कानूनों को ध्यान में रखते हुए उनका विश्लेषण किया है। प्राधिकारी द्वारा किया गया क्षति विश्लेषण स्वतः ही हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत विभिन्न अनुरोधों का समाधान करता है।

61. विचाराधीन उत्पाद मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल के किगाली संशोधन द्वारा शासित है। चीन के लिए आधार अवधि 2020-2022 है, जबकि भारत के लिए यह 2024-2026 है। घरेलू उद्योग ने तर्क दिया था कि 2022-23 में आयात की मात्रा अधिक थी क्योंकि यह चीन की आधार अवधि का अंतिम वर्ष था। चीन के उत्पादकों ने भविष्य में उच्च उत्पादन कोटा सुनिश्चित करने के लिए अपने उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि की, जिसके कारण 2022-23 में चीन से भारत में आयात में तीव्र वृद्धि हुई। उत्पाद की शेल्फ लाइफ अधिक है और इसलिए आयातित उत्पाद अभी भी घरेलू बाजार में स्टॉक के रूप में हैं। हितबद्ध पक्षकारों ने इस तर्क का खंडन नहीं किया है। हितबद्ध पक्षकारों ने भी स्वीकार किया है कि 2022-23 में चीन से आयात में वृद्धि मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल में किगाली संशोधन को चीनी सरकार द्वारा स्वीकार किए जाने के कारण हुई थी। घरेलू उद्योग ने आयात की मात्रा और मूल्य के निर्धारण के उद्देश्य से 2022-23 को बाहर रखने का अनुरोध किया है। क्षति आकलन के लिए

जाँच अवधि और संपूर्ण क्षति अवधि के निर्धारण का उद्देश्य घरेलू उद्योग के चार वर्षों की संपूर्ण अवधि के निष्पादन पर विचार करना है। अत:, प्राधिकारी ने क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग के निष्पादन की तुलना की है और बीच की अवधि के निष्पादन को उचित महत्व दिया गया है।

62. यह दावा किया गया है कि क्षति-रहित कीमत के निर्धारण के लिए 22% आय पर विचार करना उचित नहीं है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि इस संबंध में संगत दिशानिर्देश पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध III में स्पष्ट रूप से निर्धारित हैं। प्राधिकारी ने लगातार नियोजित पूंजी पर 22% आय की अनुमति दी है और वर्तमान जाँच में भी इसे अपनाया गया है।

63. यह दावा किया गया है कि घरेलू उद्योग के आँकड़े स्थापित उत्पादन क्षमता में किसी भी संगत विस्तार के बिना ब्याज और मूल्यह्रास व्यय में वृद्धि दर्शाते हैं। घरेलू उद्योग ने दावा किया है कि जब समग्र रूप से विचाराधीन उत्पाद के आँकड़ों पर विचार किया जाता है, तो इन लागतों में गिरावट आई है। मूल्यह्रास और ब्याज की घरेलू लागतों में वृद्धि घरेलू बिक्री की मात्रा में वृद्धि और निर्यात बिक्री में गिरावट के कारण है। प्राधिकारी स्वीकार करते हैं कि इन वित्तीय आँकड़ों में ऐसे परिवर्तन विभिन्न वैध प्रचालन परिवर्तनों या लेखांकन पद्धतियों के परिणामस्वरूप हो सकते हैं। प्राधिकारी नोट करते हैं कि यह आवश्यक नहीं है कि निवल अचल संपत्तियों और मूल्यह्रास में प्रत्येक वृद्धि से क्षमता में वृद्धि हो। एक उत्पादक संयंत्र में कुछ पूँजीगत व्यय कर सकता है जिसके परिणामस्वरूप संयंत्र की क्षमता में कोई परिवर्तन नहीं हो सकता है, किंतु इन लागतों में वृद्धि होगी। प्राधिकारी ने मूल्यह्रास और ब्याज लागत की जाँच की है और यह पाया गया है कि ये प्राधिकारी द्वारा रखी गई बहियों के अनुरूप हैं।

64. यह दावा किया गया है कि घरेलू उद्योग द्वारा कई बार शटडाउन किए गए। प्राधिकारी ने नोट किया कि व्यावसायिक प्रचालनों में अस्थायी रुकावटें, जिनमें संयंत्रों का बंद होना भी शामिल है, औद्योगिक गतिविधि के दौरान स्वाभाविक हैं और ये रखरखाव, मरम्मत और बाजार की स्थितियों जैसे कारकों के कारण होती हैं। प्राधिकारी ने यह भी नोट किया कि यद्यपि कुछ शटडाउन हुए थे, फिर भी जांच

अवधि में घरेलू उद्योग का उत्पादन आधार वर्ष और 2021-22 की तुलना में बढ़ा है। अत:, प्राधिकारी को अन्य हितबद्ध पक्षकारों के तर्क में कोई सत्यता नहीं दिखती है।

65. यह दावा किया गया है कि घरेलू उद्योग को हुई क्षति महामारी और उससे जुड़े आर्थिक व्यवधानों के कारण हुई है। प्राधिकारी नोट किया कि पक्षकारों ने केवल वक्तव्य दिए हैं और अपने दावों को प्रमाणित करने के लिए कोई सत्यापन योग्य दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया है। कोविड महामारी एक ऐसी घटना थी जो 2020-21 में घटित हुई थी। 2021-22 में घरेलू उद्योग के प्रदर्शन में सुधार हुआ, जिससे यह सिद्ध हुआ कि घरेलू उद्योग कोविड-19 के प्रभाव से उबर गया है।

66. यह दावा किया गया है कि घरेलू उद्योग की निर्यात बिक्री में गिरावट आई है और यह क्षति वैश्विक बाजार की अस्थिरता के कारण हुई है। प्राधिकारी ने केवल घरेलू प्रचालनों के लिए घरेलू उद्योग के आंकड़ों पर विचार किया है। प्राधिकारी ने निर्यात बाजार के लिए घरेलू उद्योग की कीमतों की भी जांच की है और यह देखा गया है कि निर्यात कीमतें घरेलू कीमतों से काफी अधिक हैं। क्षति विश्लेषण केवल घरेलू प्रचालनों तक ही सीमित है। प्राधिकारी चीन - एक्स-रे उपकरण पर विश्व व्यापार संगठन पैनल की रिपोर्ट का भी संदर्भ देते हैं, जिसमें पैनल ने कहा था कि जहाँ कोई हितबद्ध पक्षकार पाटित आयातों के अलावा किसी अन्य कारक को क्षति पहुँचाने वाला मानता है, किंतु यह दर्शाने वाला साक्ष्य प्रस्तुत नहीं करता कि यह कारक घरेलू उद्योग को किस प्रकार क्षति पहुँचा रहा है, तो जाँच प्राधिकारी को उस कारक के संबंध में कोई निर्धारण करने की आवश्यकता नहीं है।

67. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने आयात मात्रा में गिरावट और आयात कीमत में वृद्धि का संदर्भ देते हुए तर्क दिया है कि जाँच के बाद की अवधि वर्तमान जाँच के लिए प्रासंगिक है। प्राधिकारी ने नोट किया है कि जाँच के बाद की अवधि का इस जाँच से कोई संबंध नहीं है। प्राधिकारी ने पहले ही जाँच की अवधि 12 महीने निर्धारित कर दी है, यह अवधि विशेष रूप से किसी भी अस्थायी घटना को शामिल करने के लिए निर्धारित की गई है जो अन्यथा व्यापार आकड़े को विकृत कर सकती है, जिससे मूल्यांकन के लिए एक विश्वसनीय आधार उपलब्ध होता है। जाँच की 12 महीने की

अवधि पाटन और उसके परिणामस्वरूप घरेलू उद्योग को होने वाली क्षति, दोनों का गहन मूल्यांकन करने के लिए पर्याप्त है।

छ.3.1 माँग/स्पष्ट खपत का आकलन

68. प्राधिकारी ने भारत में उत्पाद की माँग/स्पष्ट खपत का निर्धारण घरेलू उद्योग की घरेलू बिक्री और सभी स्रोतों से आयात के योग के रूप में किया है।

क्र. सं.	विवरण	यूओएम	2020-21	2021-22	2022-23	पीओआई
1	घरेलू उद्योग की बिक्री	एमटी	***	***	***	***
	प्रवृति	सूचीबद्ध	100	96	145	160
2	संबंधित देशों से आयात	एमटी	1,549	1,118	7,502	4,764
3	अन्य देशों से आयात	एमटी	1,856	1,918	2,142	594
4	आबद्ध को छोड़कर मांग	एमटी	***	***	***	***
	प्रवृति	सूचीबद्ध	100	93	200	159
5	आबद्ध बिक्री	एमटी	***	***	***	***
	प्रवृति	सूचीबद्ध	100	111	175	161
6	आबद्ध सहित मांग	एमटी	***	***	***	***
	प्रवृति	सूचीबद्ध	100	95	198	159

69. यह देखा गया है कि उत्पाद की मांग 2021-22 में मामूली रूप से घटी, किंतु 2022-23 में तेजी से बढ़ी और जांच अवधि में फिर से घट गई। तथापि, जांच अवधि में मांग में फिर से गिरावट आई। जांच अवधि के दौरान, उत्पाद की मांग में 59% की वृद्धि हुई है।

70. यह बताया गया है कि मांग में वृद्धि उत्पाद की खपत में वृद्धि के कारण नहीं, बल्कि संबद्ध देश से आयात में असामान्य वृद्धि के कारण हुई है। उत्पाद की शेल्फ लाइफ लंबी है और इसका उपभोग नहीं किया गया है।

छ.3.2 घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों का मात्रा और कीमत प्रभाव

क. संबद्ध देश से आयात की मात्रा

71. पाटित आयातों की मात्रा के संबंध में, प्राधिकारी को यह विचार करना अपेक्षित है कि क्या पाटित आयातों में, समग्र रूप से या भारत में उत्पादन या खपत के सापेक्ष, उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। क्षति विश्लेषण के प्रयोजनार्थ, प्राधिकारी ने सौदा-वार आयात आंकड़ों पर भरोसा किया है। इसकी जानकारी निम्नानुसार है:

क्र. सं.	विवरण	यूओएम	2020-21	2021-22	2022-23	पीओआई
क	**आयात मात्रा**					
1	चीन जन. गण. से आयात	एमटी	1,549	1,118	7,502	4,764
2	अन्य देशों से आयात	एमटी	1,856	1,918	2,142	594
3	भारतीय उत्पादन	एमटी	***	***	***	***
4	भारतीय खपत	एमटी	***	***	***	***
ख	**निम्न की दृष्टि से संबद्ध आयात**					
1	भारतीय उत्पादन	%	***	***	***	***
	प्रवृति	सूचीबद्ध	100	62	307	226
2	भारतीय माँग	%	***	***	***	***
	प्रवृति	सूचीबद्ध	100	78	242	194

3	कुल आयात	%	45%	37%	78%	89%
	प्रवृति	सूचीबद्ध	100	81	171	195

72. यह देखा गया है कि:

क. संबद्ध आयातों की मात्रा 2021-22 में घटी, 2022-23 में तेजी से बढ़ी और जांच अवधि में घटी थी। क्षति अवधि में आयात की मात्रा में वृद्धि हुई है। क्षति अवधि में आयात की मात्रा दोगुनी हो गई है।

ख. घरेलू उद्योग और अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने स्वीकार किया है कि 2022-23 में संबद्ध देश से आयात में वृद्धि मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल में किगाली संशोधन को चीन सरकार द्वारा स्वीकार किए जाने के कारण हुई।

ग. कीमत के संदर्भ में, आयात आधार वर्ष में 47 करोड़ रुपये से बढ़कर जांच अवधि में 140 करोड़ रुपये के हो गए हैं। क्षति अवधि में आयात का मूल्य 3 गुना बढ़ गया है।

घ. उत्पादन के संबंध में आयात आधार वर्ष में ***% से बढ़कर जांच अवधि में ***% हो गया है।

ङ. खपत के संबंध में आयात आधार वर्ष में ***% से बढ़कर जाँच अवधि में ***% हो गया है।

च. यद्यपि जाँच अवधि में संबद्ध देश से आयात में वृद्धि हुई है, तथापि अन्य देशों से आयात में तीव्र गिरावट आई है। जाँच अवधि में भारत में कुल आयात में संबद्ध देशों से आयात का बड़ा हिस्सा है।

छ. संबद्ध देशों से आयात में समग्र रूप से और साथ ही भारतीय उत्पादन और खपत के संबंध में भी वृद्धि हुई है।

ज.3.3 पाटित आयातों का कीमत प्रभाव

73. कीमतों पर पाटित आयातों के प्रभाव के संबंध में, यह विश्लेषण करना आवश्यक है कि क्या भारत में समान उत्पादों की कीमत की तुलना में कथित पाटित आयातों द्वारा कीमत में उल्लेखनीय कटौती हुई है, या क्या ऐसे आयातों का प्रभाव कीमतों

को कम करना या ऐसी कीमत वृद्धि को रोकना है है, जो अन्यथा सामान्य क्रम में बढ़ गई होती। कीमत कटौती और कीमत ह्रास/न्यूनीकरण, यदि कोई हो, के संदर्भ में, संबद्ध देश से पाटित आयातों के कारण घरेलू उद्योग की कीमतों पर प्रभाव। इस विश्लेषण के प्रयोजनार्थ, घरेलू उद्योग की उत्पादन लागत और बिक्री कीमत की तुलना संबद्ध देश से संबद्ध वस्तुओं के आयातों के पहुँच कीमत के साथ की गई है।

क. कीमत कटौती

74. कीमत कटौती विश्लेषण के प्रयोजनार्थ, घरेलू उद्योग की निवल बिक्री प्राप्ति की तुलना संबद्ध देश से आयातों के पहुँच मूल्य के साथ की गई है। प्राधिकारी ने पैक्ड रूप और अनपैक्ड रूप को दो पीसीएन के रूप में अधिसूचित किया है। चूँकि पीसीएन को अपनाया गया है, इसलिए भारित औसत कीमत कटौती के साथ-साथ पीसीएन-वार कीमत निर्धारण किया गया है।

75. नीचे दी गई तालिका जांच अवधि के दौरान पीसीएन-वार कीमत कटौती को दर्शाती है।

क्र. सं.	विवरण	यूओएम	पैक्ड	अनपैक्ड	भारित औसत
1	आयात मात्रा	एमटी	49	4,716	4,764
2	पंहुच कीमत	रु./एमटी	4,12,319	3,07,838	3,08,909
3	निवल बिक्री प्राप्ति	रु./एमटी	***	***	***
4	कीमत कटौती	रु./एमटी	***	***	***
5	कीमत कटौती	%	***	***	***
6	कीमत कटौती	रेंज	10-20%	20-30%	20-30%

76. यह देखा गया है कि जांच अवधि में संबद्ध आयातों की पीसीएन-वार पंहुच कीमत घरेलू उद्योग के बिक्री कीमत से काफी कम है, जिसके परिणामस्वरूप भारी सकारात्मक कीमत कटौती हुई है।

ख. कीमत ह्रास/न्यूनीकरण

77. यह निर्धारित करने के लिए कि क्या पाटित आयात घरेलू कीमतों में ह्रास कर रहे हैं या न्यूनीकरण कर रहे हैं और क्या ऐसे आयातों का प्रभाव ऐसी कीमतों को महत्वपूर्ण सीमा तक न्यूनीकरण करना है या ऐसी कीमत वृद्धि को रोकना है, जो अन्यथा सामान्य रूप से बढ़ गई होती, क्षति अवधि के दौरान लागतों और कीमतों में हुए परिवर्तनों की निम्नानुसार जांच की गई है:

क्र. सं.	**विवरण**	**यूओएम**	**2020-21**	**2021-22**	**2022-23**	**पीओआई**
1	बिक्री लागत	रु./एमटी	***	***	***	***
	प्रवृति	सूचीबद्ध	100	107	125	119
2	बिक्री कीमत	रु./एमटी	***	***	***	***
	प्रवृति	सूचीबद्ध	100	119	126	110

78. यह देखा गया है कि:

क. घरेलू उद्योग की बिक्री लागत और बिक्री कीमत में 2021-22 में वृद्धि हुई है। बिक्री कीमत में वृद्धि, बिक्री लागत से अधिक थी। परिणामस्वरूप, घरेलू उद्योग 2021-22 में तर्कसंगत लाभ अर्जित करने में सक्षम रहा।

ख. वर्ष 2022-23 में बिक्री लागत और बिक्री कीमत में आगे और वृद्धि हुई। यद्यपि बिक्री लागत में 18 सूचकांक अंकों की वृद्धि हुई, वहीं बिक्री कीमत में केवल 7 सूचकांक अंकों की वृद्धि हुई। परिणामस्वरूप, घरेलू उद्योग के लाभ में 122% से अधिक की तीव्र गिरावट आई। इस अवधि में संबद्ध देश से आयात की मात्रा में भी उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई।

ग. जाँच अवधि में, घरेलू उद्योग की बिक्री लागत और बिक्री कीमत दोनों में गिरावट आई। बिक्री लागत में गिरावट की तुलना में बिक्री कीमत में अधिक दर से गिरावट आई है।

घ. घरेलू उद्योग अपनी बिक्री कीमत को बिक्री लागत में परिवर्तन के अनुरूप कराने में असमर्थ रहा है।

79. नीचे दी गई तालिका जांच अवधि के लिए घरेलू उद्योग की पीसीएन-वार पहुंच कीमत और बिक्री लागत तथा बिक्री कीमत दर्शाती है।

क्र. सं.	विवरण	यूओएम	पैक्ड	अनपैक्ड	भारित औसत
1	पीसीएन वार पंहुच कीमत	रु./एमटी	4,12,319	3,07,838	3,08,909
2	पीसीएन वार सकल बिक्री कीमत	रु./एमटी	***	***	***
3	पीसीएन वार बिक्री लागत	रु./एमटी	***	***	***

80. यह देखा गया है कि जाँच अवधि में आयातों का पहुँच कीमत घरेलू उद्योग की लागत और बिक्री कीमत से कम है। अतः, प्राधिकारी नोट करते हैं कि पाटित आयातों ने घरेलू उद्योग को उत्पादन लागत में परिवर्तन के अनुरूप कीमत निर्धारण करने से अवरूद्ध किया है और इसलिए, पाटित आयातों ने घरेलू उद्योग की कीमतों को कम कर दिया है।

छ.3.4 घरेलू उद्योग के आर्थिक मानदंड

81. पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध II में यह प्रावधान है कि घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों के प्रभाव की जाँच में उद्योग की स्थिति को प्रभावित करने वाले सभी प्रासंगिक आर्थिक कारकों और संकेतकों का वस्तुनिष्ठ और उचित मूल्यांकन शामिल होना चाहिए, जिसमें बिक्री, लाभ, उत्पादन, बाजार हिस्सा, उत्पादकता, निवेश पर आय या क्षमता उपयोग में वास्तविक और संभावित गिरावट; घरेलू कीमतों को प्रभावित करने वाले कारक, पाटन के मार्जिन की मात्रा; नकदी प्रवाह, मालसूची, रोजगार, मजदूरी, विकास और पूंजी निवेश बढ़ाने की क्षमता पर वास्तविक और संभावित नकारात्मक प्रभाव शामिल हैं। घरेलू उद्योग से संबंधित विभिन्न क्षति मानदंडों पर नीचे चर्चा की गई है। प्राधिकारी ने हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत अनुरोधों में दिए गए विभिन्न तथ्यों और तर्कों पर विचार करते हुए क्षति मानदंडों की निष्पक्ष जांच की है:

क. क्षमता, उत्पादन, क्षमता उपयोग और घरेलू बिक्री

82. प्राधिकारी ने क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की क्षमता, उत्पादन, क्षमता उपयोग और घरेलू बिक्री पर विचार किया है।

क्र. सं.	विवरण	यूओएम	2020-21	2021-22	2022-23	पीओआई
1	क्षमता	एमटी	***	***	***	***
	प्रवृति	सूचीबद्ध	100	100	100	100
2	कुल उत्पादन	एमटी	***	***	***	***
	प्रवृति	सूचीबद्ध	100	117	158	136
3	पीयूसी का उत्पादन	एमटी	***	***	***	***
	प्रवृति	सूचीबद्ध	100	120	152	136
4	घरेलू बिक्री	एमटी	***	***	***	***
	प्रवृति	सूचीबद्ध	100	96	145	160
5	क्षमता उपयोग	एमटी	***	***	***	***
	प्रवृति	सूचीबद्ध	100	117	158	136

83. यह देखा गया है कि:

क. घरेलू उद्योग की क्षमता संपूर्ण क्षति अवधि के दौरान स्थिर रही है। भारतीय उद्योग की क्षमता देश में संपूर्ण मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त है।

ख. उत्पादन और क्षमता उपयोग में 2021-22 में वृद्धि हुई है और 2022-23 में भी वृद्धि हुई है। तथापि, जांच अवधि में उत्पादन और क्षमता उपयोग में गिरावट आई है।

ग. आवेदक की घरेलू बिक्री में 2021-22 में गिरावट आई है। बिक्री में 2022-23 में वृद्धि हुई और जांच अवधि में आगे और वृद्धि हुई।

ख. बाजार हिस्सा

84. प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग और संबद्ध देश के बाजार हिस्से पर पाटित आयातों के प्रभाव की जांच निम्नानुसार की है

क्र. सं.	विवरण	यूओएम	2020-21	2021-22	2022-23	पीओआई
1	घरेलू उद्योग	%	***	***	***	***
	प्रवृति	सूचकांक	100	103	72	101
2	संबद्ध देश	%	***	***	***	***
	प्रवृति	सूचकांक	100	78	242	194
3	अन्य देश	%	***	***	***	***
	प्रवृति	सूचकांक	100	111	58	20

85. यह देखा गया है कि: -

i. संबद्ध आयातों के बाजार हिस्से में 2021-22 में कमी आई, 2022-23 में तेजी से बढ़ा, किंतु जांच अवधि में इसमें गिरावट आई।

ii. यद्यपि संबद्ध देश के बाजार हिस्से पिछले वर्ष की तुलना में जांच अवधि में घटा है, किंतु आधार वर्ष की तुलना में इसमें वृद्धि हुई है।

iii. घरेलू उद्योग के बाजार हिस्से में पिछले वर्ष के साथ-साथ आधार वर्ष की तुलना में जांच अवधि में वृद्धि हुई है।

iv. संपूर्ण मांग को पूरा करने की क्षमता होने के बावजूद, घरेलू उद्योग की बाजार हिस्सेदारी ***% तक सीमित रही।

v. अन्य देशों से आयातों की बाजार हिस्सेदारी आधार वर्ष में ***% से तेजी से घटकर जांच अवधि में मात्र ***% रह गई।

ग. मालसूची

86. क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग के पास मालसूची की स्थिति नीचे दी गई तालिका में दी गई है:

क्र. सं.	विवरण	यूओएम	2020-21	2021-22	2022-23	पीओआई
1	आरंभिक मालसूची	एमटी	***	***	***	***

2	अंतिम मालसूची	एमटी	***	***	***	***
3	औसत मालसूची	एमटी	***	***	***	***
	प्रवृति	सूचकांक	100	77	66	69

87. यह देखा गया है कि घरेलू उद्योग के पास औसत मालसूची 2021-22 में कम हुई और 2022-23 में और भी कम हुई। तथापि, जाँच अवधि में मालसूची में वृद्धि हुई। यह बताया गया है कि कोविड के प्रकोप के कारण 2020-21 में घरेलू उद्योग के पास प्रारंभिक मालसूची अधिक रही थी।

घ. लाभप्रदता, नकद लाभ और विनियोजित पूँजी पर आय

88. घरेलू उद्योग के प्रदर्शन की लाभप्रदता, लाभ, नकद लाभ, पीबीआईटी और निवेश पर आय के संदर्भ में जाँच की गई है।

क्र. सं.	**विवरण**	**यूओएम**	**2020-21**	**2021-22**	**2022-23**	**पीओआई**
1	प्रति इकाई लाभ/(हानि)	रु./एमटी	(***)	***	(***)	(***)
	प्रवृति	सूचकांक	(100)	618	(88)	(603)
2	लाभ/(हानि)	लाख रुपये	(***)	***	(***)	(***)
	प्रवृति	सूचकांक	(100)	591	(127)	(963)
3	नकद लाभ	रु./एमटी	***	***	***	(***)
	प्रवृति	सूचकांक	100	265	87	(16)
4	नकद लाभ	लाख रुपये	***	***	***	(***)
	प्रवृति	सूचकांक	100	254	126	(26)
5	पीबीआईटी	रु./एमटी	***	***	***	(***)
	प्रवृति	सूचकांक	100	705	103	(318)
6	पीबीआईटी	लाख रुपये	***	***	***	(***)
	प्रवृति	सूचकांक	100	674	149	(509)
7	आरओसीई	%	***	***	***	(***)
	प्रवृति	सूचकांक	100	509	100	(303)

8	औसत नियोजित पूंजी	लाख रुपये	***	***	***	***
	प्रवृति	सूचकांक	100	132	159	168

89. यह देखा गया है कि:

क. क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की लाभप्रदता में तेजी से गिरावट आई। घरेलू उद्योग 2021-22 में तर्कसंगत लाभ अर्जित कर रहा था। 2022-23 में चीन जनवादी गणराज्य से आयात में वृद्धि के साथ-साथ पंहुच कीमत में गिरावट के कारण, घरेलू उद्योग के लाभ में तेजी से गिरावट आई है और यह घाटे में बदल गया है। पंहुच कीमत में निरंतर गिरावट के साथ, जाँच अवधि में घरेलू उद्योग का घाटा और भी अधिक हो गया।

ख. क्षति अवधि के दौरान नकद लाभ और ब्याज एवं कर पूर्व लाभ में क्रमशः 126% और 609% की गिरावट आई है।

ग. क्षति अवधि के दौरान नियोजित पूंजी पर आय में 403% की गिरावट आई है।

घ. जाँच अवधि के दौरान निवेश पर आय में तेजी से गिरावट आई और सबसे कम आय दर्ज की गई।

ङ. रोजगार, मजदूरी और उत्पादकता

90. क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग का रोजगार, मजदूरी और उत्पादकता नीचे दी गई तालिका में दी गई है:

क्र.सं.	**विवरण**	**यूनिट**	**2020-21**	**2021-22**	**2022-23**	**पीओआई**
1	कर्मचारियों की संख्या	संख्या	***	***	***	***
	प्रवृति	सूचकांक	100	131	132	158
2	प्रतिदिन उत्पादकता	एमटी	***	***	***	***
	प्रवृति	सूचकांक	100	120	152	136
3	प्रति कर्मचारी उत्पादकता	एमटी	***	***	***	***
	प्रवृति	सूचकांक	100	91	115	86
4	वेतन और मजदूरी	लाख	***	***	***	***

		रुपये				
	प्रवृति	सूचकांक	100	117	121	147

91. यह देखा गया है कि:

क. क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग के रोजगार और वेतन एवं मजदूरी के स्तर में सुधार हुआ है।

ख. जांच अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की प्रतिदिन उत्पादकता और प्रति कर्मचारी उत्पादकता में गिरावट आई है।

ग. घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि ये मानदंड कई अन्य मानदंडों पर निर्भर हैं और इसलिए उद्योग को हुई क्षति को प्रदर्शित नहीं करते हैं।

च. वृद्धि

92. क्षमता, उत्पादन, घरेलू बिक्री मात्रा, पीबीटी, पीबीआईटी, नकद लाभ और नियोजित पूंजी पर आय के संदर्भ में घरेलू उद्योग की वृद्धि नीचे दी गई तालिका के अनुसार रही है:

क्र. सं.	**विवरण**	**यूओएम**	**2020-21**	**2021-22**	**2022-23**
1	क्षमता	%	-	-	-
2	उत्पादन	%	17%	35%	-14%
3	घरेलू बिक्री मात्रा	%	-4%	51%	10%
4	मालसूची	%	-23%	-14%	4%
5	प्रति इकाई लाभ	%	-718%	-114%	585%
6	प्रति इकाई नकद लाभ	%	165%	-67%	-119%
7	प्रति इकाई पीबीआईटी	%	605%	-85%	-409%
8	आरओसीई	%	409%	-80%	-403%

93. घरेलू उद्योग के उत्पादन जैसे मात्रात्मक मापदंडों में जाँच अवधि में नकारात्मक गिरावट दर्ज की गई है। घरेलू उद्योग के सभी कीमत मापदंडों में उल्लेखनीय रूप से नकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई है।

छ. पाटन की मात्रा

94. पाटन की मात्रा इस बात का संकेतक है कि भारत में आयातित वस्तुओं का किस सीमा तक पाटन किया जा रहा है। जाँच से पता चला है कि जाँच अवधि के दौरान पाटन मार्जिन सकारात्मक और काफी अधिक रहा है।

ज. पूँजी निवेश जुटाने की क्षमता

95. प्राधिकारी नोट करते हैं कि चूँकि घरेलू उद्योग वित्तीय घाटे और नियोजित पूँजी पर कम आय से जूझ रहा है, इसलिए घरेलू उद्योग द्वारा अर्जित आय बैंक वित्तपोषण दर से कम है। उत्पाद के पाटन से घरेलू उद्योग की कार्यशील पूँजी की ज़रूरतें गंभीर रूप से जोखिम में पड़ गई हैं। अत:, पूँजी निवेश जुटाने या नियोजित पूँजी के लिए धन जुटाने की क्षमता प्रभावित हुई है।

